डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

30 मार्च 2025

रविवार



टॉप 10 में बक्सर का दबदबा : पांच रैंकों पर जिले के छह विद्यार्थियों का कब्जा

3



# जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य: जज विक्रम नाथ

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के जज विक्रम नाथ ने शनिवार को प्रदूषण को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जहां बच्चों को बाहर खेलने के लिए मास्क पहनना पड़े, ऐसा माहौल अस्वीकार्य है। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन - 2025 के उद्घाटन सत्र के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की आवश्यकता है जो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें और सरकार की नीतियों को हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थीं।





न्यायमूर्ति ने कहा कि भारत की राजधानी में नियमित रूप से उच्च स्तर का प्रदूषण होता है। मेरा मानना है कि हम सभी इस बात से सहमत हो सकते हैं कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना स्वीकार्य नहीं है, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए मास्क की आवश्यकता हो या कम उम्र में श्वसन संबंधी बीमारियों की चिंता हो। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई के लिए एक तत्काल आह्वान है, एक संकेत है कि हमें उत्सर्जन को विनियमित करने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और टिकाऊ परिवहन विकल्पों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आना चाहिए, जो हमारे द्वारा सांस लेने वाली हवा से समझौता किए बिना आर्थिक प्रगति की अनुमति देता है।'

**प्राकृतिक गौरव में नदियों को संरक्षित करें :** उन्होंने जल प्रदूषण को एक अन्य प्रमुख चिंता के रूप में चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि कई पवित्र और प्राचीन नदियां अनुपचारित अपशिष्ट से भरी हुई हैं। जब वो इन नदियों के किनारों को देखते हैं, तो उन्हें पुरानी यादों और चिंता का मिश्रण महसूस होता है... पुरानी यादों के लिए कि ये जल जीवंत और शुद्ध थे। हमारी असमर्थता के लिए उन्हें उनके प्राकृतिक गौरव में संरक्षित करने की जरुरत है।

**एनजीटी की भूमिका की सराहना:** राष्ट्रीय हरित अधिकरण की भूमिका की सराहना करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि हरित निकाय 2010 में अपनी स्थापना के बाद से आशा की किरण के रूप में उभरा है और पर्यावरण विवादों के समाधान को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रदूषणकर्ता भुगतान करें और एहतियाती सिद्धांतों की वकालत कर- के, न्यायाधिकरण ने उद्योगों, सरकारी निकायों और नागरिकों को प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया है।

## मेरे पिता हमेशा लकड़ियों को काटने से पहले उनके आगे झुकते थे : राष्ट्रपति

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

पर्यावरण संरक्षण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने पूर्वजों को याद कया। उन्होंने परिजनों की स्मृति में कहा कि उनके पिता पेड़ों और धरती के आगे झुकते थे। खाना पकाने और खेती के लिए उनका उपयोग करने से पहले उनसे क्षमा मांगते थे। विज्ञान भवन में पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उक्त बातें बोलीं। इस दौरान उन्होंने लोगों से इस बात पर विचार करने के लिए कहा कि क्या उन प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करना सही है, जिन्हें मनुष्य नहीं बना सकता।




राष्ट्रपति ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव में बिताए अपने बचपन के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण उनके परिवार को खाना पकाने के लिए सूखी लकड़ियों पर निर्भर रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता लकड़ियां इकट्ठा करते थे। इसके बाद वे उन्हें छोटे टुकड़ों में काटकर जलाने लायक बनाते। उनके पिता लकड़ियों को काटने से पहले उनके आगे झुकते थे। पूछने पर कि लकड़ियों को काटने से पहले प्रार्थना क्यों करते हैं? तब उन्होंने जवाब दिया कि वे क्षमा मांग रहे हैं।

**कभी पेड़ का हिस्सा थीं ये लकड़ियां :** राष्ट्रपति ने कहा कि उनके पिता कहते थे कि ये लकड़ी के टुकड़े कभी पेड़ का हिस्सा थे, जो फल-फूल, हवा और पानी देते थे। फिर भी, वे हमारी मदद कर रही हैं। वहीं, राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि उनके पिता जुताई करने से पहले धरती के सामने झुकते थे। मैं पूछती तो वह कहते थे कि धरती हमारी मां है। ये जो कुछ भी पैदा करती है, हम जो कुछ उगाते हैं। वह सब धरती की वजह से ही संभव है। इसलिए जुताई करने से पहले धरती मां से क्षमा मांगो।

## खबरें फटाफट

### भू-स्खलन से प्रभावित छात्रों की शिक्षा करेंगे सुनिश्चित : प्रियंका

**नई दिल्ली।** प्रियंका ने वायनाड भूस्खलन में प्रभावित छात्रों को दिया तोहफाकांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को वायनाड जिले में भूस्खलन से प्रभावित छात्रों को शिक्षा सुनिश्चित करने का वादा किया। कलपेट्टा में मुंडक्कई-चूरलमाला क्षेत्र के बचे हुए छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण के उद्घाटन के दौरान प्रियंका गांधी ने कहा कि इस भूस्खलन में बाहर पढ़ने वाले छात्र बच गए, लकिन दुखद ये करहा कि उन्होंने अपने परिवारों को खो दिया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने यह सुनिश्चित करने का फैसला लिया है कि ऐसे छात्र अपनी शिक्षा जारी रख सकें। उन्होंने विभिन्न संस्थानों की ओर से की गई मदद की सराहना की। साथ ही बताया कि वायनाड के 121 छात्र वर्तमान में एनआईसीएचआई कन्याकुमारी में पढ़ाई कर रहे हैं, जिनको पूर्ण छात्रवृत्ति दी गई है। इसके अलावा, कर्नाटक के येनेपोया विश्वविद्यालय ने वायनाड के चार छात्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। साथ ही, प्रियंका गांधी ने भूस्खलन के बाद वायनाड में लोगों के दर्द और पीड़ा की बात की।

## म्यांमार में आए भूकंप में हुए जानमाल के नुकसान पर नमो ने व्यक्त किया दुःख

# भारत एक पड़ोसी देश होने के नाते कठिन घड़ी में म्यांमार के साथ: पीएम

♦ भूकंप की वजह से म्यांमार में लगभग 1000 लोगों की मौत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार में आए भूकंप के बाद हुए जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने म्यांमार के जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल को इस कठिन समय में एकजुटता से खड़े रहने का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने म्यांमार के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि है। पीएम मोदी ने म्यांमार के जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की।





बातचीत के बात एक्स पर पीएम ने एक पोस्ट किया। अपनी पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी मित्र और पड़ोसी देश के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

**भूकंप के बाद राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी है :** बता दें कि भारत ने म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी है। भारत की ओर से सहायता के तौर पर म्यांमार को 15 टन राहत सामग्री भेजी गई है। हिंडन में मौजूद भारत वायुसेना के हिंडन स्टेशन से भारतीय वायुसेना के (आईएएफ) सी-130जे विमान में म्यांमार के लिए राहत सामग्री भेजी गई। इस राहत पैकेज में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, हाइजीन किट, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स, सीरिंज, दस्ताने और पट्टियां जैसी आवश्यक जीचें शामिल हैं।

**म्यांमार में 1000 से अधिक की मौत :** दरअसल, म्यांमार और उसके पड़ोसी देश थाईलैंड में शुक्रवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस भूकंप से ऊंची इमारतें, पुल और बांध नष्ट हो गए। इस भूकंप की वजह से म्यांमार में कम से कम 1000 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1700 लोग घायल हैं। वहीं थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में एक निमार्णाधीन बहुमंजिला इमारत के ढहने का वीडियो सामने आया है। शुक्रवार दोपहर को आए भूकंप की तीव्रता 7.7 दर्ज की गई और इसका केन्द्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। इसके बाद भी भूकंप के कई झटके महसूस किए

### सौंपी राहत सामग्री

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा कि भारत भीषण भूकंप से प्रभावित म्यांमार के लोगों की सहायता के लिए आगे आकर कार्य कर रहा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, भोजन के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाओं सहित 15 टन राहत सामग्री की हमारी पहली खेप यांगून पहुंच गई है। राहत सामग्री म्यांमार पक्ष को सौंपी जा रही है। इससे पहले एक्स पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप और पड़ोसी थाईलैंड में आए भूंकप के बाद म्यांमार के लोगों के लिए तत्काल मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। इस उड़ान के साथ एक बचाव दल के साथ-साथ एक चिकित्सा दल भी है। भारत घटनाक्रम पर नजर रखना जारी रखेगा और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

## लालू के शासन में 'डूबता बिहार' बना अब अंधकार से आया है बाहर: नड्डा

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद के शासन में राज्य 'डूबता बिहार' बन गया और 'जंगल राज' में डूब गया। अब नीतीश कुमार के शासन में राज्य अंधकार से बाहर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार प्रगति का गवाह बना है और शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है।



जेपी नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार में एक विशेष आभा और गतिशीलता है। राज्य ने दुनिया को लोकतंत्र दिया। नालंदा और विक्रमशिला सीखने के महान स्थान हैं। उन्होंने कहा कि आज भी बिहार के छात्र बड़ी संख्या में दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं, और राज्य के कई प्रोफेसर अपनी शैक्षणिक योग्यता के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हैं।

**लालू राज में पटना में शाम को बाहर निकलना मुश्किल था :** जेपी नड्डा ने 1990 के दशक का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव पर हमला बोल डाला। कहा कि 1970 के दशक के आसपास बिहार एक प्रगतिशील राज्य था, लेकिन लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य डूबता बिहार बन गया। उस समय पटना में शाम को बाहर निकलना मुश्किल था। नड्डा ने कहा कि डॉक्टरों को राज्य से भागने के लिए मजबूर किया गया। शादी-पार्टियों के लिए शोरूम से नए वाहन जबरन निकाल लिए गए।

**भाजपा और पूर्वांचल मोर्चे के कार्यकताओं की सराहना की :** जेपी नड्डा ने दिल्ली भाजपा और उसके पूर्वांचल मोर्चे के कार्यकताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के चलते दिल्ली में पार्टी की सरकार तब बनी, जब राजधानी विनाश की ओर बढ़ रही थी। उन्होंने कार्यकताओं से बिहार में भी चुनाव प्रचार में शामिल होने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बिहार ने देश-दुनिया को बहुत कुछ दिया है। बिहार सबसे पहला लोकतंत्र है।

## सुकमा में 16 नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**एजेंसी/राजपुर**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र में हो रही है। उन्होंने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रूक-रूक कर मुठभेड़ हो रही है।



सुकमा जिले के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा-दंतेवाड़ा सीमा पर उपमपल्ली केरलापाल इलाके के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ जारी है। वहीं बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। वहीं 2 जवानों को मामूली चोटें आईं हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में अभी भी मुठभेड़ जारी है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का खोजी अभियान जारी है। बता दें कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं। फिलहाल मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है। वहीं मुठभेड़ में घायल डीआरजी के दो जवानों की हालत स्थिर है।

## घर के बाहर टहल रहे युवक पर चलाई अंधाधुंध गोलियां, मौत

**नई दिल्ली।** अलीपुर के नेहरू एन्क्लेव में अपने घर के बाहर टहल रहे युवक को बदमाशों ने गोलियों से भून दिया। मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने युवक को चार-पांच गोलियां मारीं। पुलिस का कहना है कि युवक हत्या के प्रयास व जबरन वसूली के दो मामलों में शामिल था।

कुछ पारिवारिक विवाद में उसके और उसके ससुराल वालों के बीच अच्छे संबंध नहीं थे। रंजिशन हत्या की आशंका जताई जा रही है। यह सनसनीखेज वारदात शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 22 वर्षीय करण थापा नेहरू एन्क्लेव के अपने घर के बाहर अकेला घूम रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आए और करण पर फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने पांच फायर किए। फायरिंग की आवाज सुनकर करण के भाई ने हमलावरों पर रोकने के लिए पथराव किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। इस दौरान हमलावरों का हेलमेट और टोपी घटनास्थल पर गिर गई। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि अलीपुर के नेहरू एन्क्लेव में गोलीबारी के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई।




## सऊदी अरब में शनिवार को दिखा ईद का चांद, अकिदतमंदो ने दी एक दूसरे को बधाई

# पूरे देश में 31 मार्च को मनाया जाएगा ईद-उल-फितर का पर्व

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सऊदी अरब में ईद का चांद शनिवार को दिख गया है। ऐसे में सऊदी में ये त्योहार 30 मार्च को मनाया जाएगा। वहीं भारत में सऊदी अरब के एक दिन बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। चांद दिखने के बाद सऊदी अरब ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईद-उल-फितर रविवार को मनाई जाएगी।



**सऊदी अरब में पहले शुरू हुआ था रमजान :** सऊदी अरब में रमजान भारत से एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था। यही वजह है कि भारत में ईद का त्योहार सऊदी अरब से एक दिन बाद 31 मार्च को मनाया जाएगा। हर बार सऊदी अरब में ईद का चांद भारत से एक दिन पहले दिख जाता है। हालांकि, ईद कब मनाई जाएगी, ये पूरी तरह चांद के दीदार पर निर्भर करता है।

**देशभर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ी :** रमजान महीने की समाप्ति के बाद 10वें महीने शव्वाल की पहली तारीख को ईद मनाई जाती है। इस दिन लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं, ईदगाह में नमाज अदा की जाती है और मीठी सेवाईंयों के साथ ही तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। ईद-उल-फितर देशभर के बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। बेकरी, कन्फेक्शनरी, रेडीमेड गारमेंट और क्रॉकरी की दुकानों पर लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि बेकरी की दुकानों पर खरीददारों की लंबी लाइनें लग रही हैं। ईद के दिन लोग महीने भर रोजे रखने के बाद पूरे दिन खाने-पीने की शुरूआत करते हैं, मस्जिदों में खास नमाज अदा की जाती है, बड़े छोटे बच्चों को ईदी देते हैं और लोग एक दूसरे घर मिलने के लिए जाते हैं। दिल्ली-मुंबई समेत देश के कई राज्यों में ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।

# जिले के सभी पंचायतों में एचडब्ल्यूसी स्तर पर होगी सीवाई टीबी की जांच: डॉ. शालिग्राम

♦ सभी सीएचओ व स्टाफ नर्स को दिया गया सीवाई टीबी जांच का प्रशिक्षण

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिला यक्ष्मा केंद्र ने अब जिले के सभी 136 पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके तहत जिला यक्ष्मा केंद्र ने तैयारी शुरू कर दी गई। इस क्रम में जिला मुख्यालय स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में सीवाई टीबी जांच पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें सभी एचडब्ल्यूसी/एचएससी पर पदस्थापित सीएचओ व स्टाफ नर्स को सीवाई टीबी जांच और टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि अब जिले के सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाना है। इसलिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि, पंचायत स्तर पर स्थित एचडब्ल्यूसी/एचएससी पर टीबी के लक्षण वाले में मरीजों में सीवाई टीबी की जांच सुनिश्चित हो सके।

**निर्धारित किए गए हैं कुछ लक्ष्य:** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि सभी पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इनमें सबसे प्रमुख यह कि सभी पंचायतों की। आशा कार्यकर्ता प्रत्येक सप्ताह में अपने अपने क्षेत्र के कम से कम टीबी के लक्षण वाले एक मरीज की जांच के लिए एचडब्ल्यूसी या एचएससी से लाएंगी। वहीं, प्रत्येक ओपीडी से 10 से 20 प्रतिशत लक्षण वाले मरीजों को टीबी जांच के लिए रेफरल किया जाए। वहीं, जिले के सभी पंचायतों में स्थित सभी असुरक्षित जनसंख्या का टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित हो सके। इसमें सभी सीएचओ व स्टाफ नर्स अपने अपने सेंटर के अंतर्गत जनसंख्या के आधार पर असुरक्षित जनसंख्या की मैपिंग करनी होगी।

**टीबी मुक्त पंचायत की दी गई जानकारी :** प्रशिक्षण के दौरान सभी सीएचओ व स्टाफ नर्स को माह में टीबी के लक्षण वाले कम से कम 30 मरीजों की जांच का लक्ष्य रखें। इनमें आशा द्वारा लाए गए मरीज भी शामिल रहेंगे। सबसे जरूरी यह कि जिस दिन आपके सेंटर पर बलगम लाने के लिए कुरियर जाएगा, मरीजों से उसी दिन बलगम लाने को कहें। साथ ही, मरीजों से दो घंटे के अंतराल में दो बलगम लाने की हिदायत दें। इसके लिए आप प्रत्येक मरीज को दो फाल्कन ट्यूब उपलब्ध कराएं। मरीज का निक्षय आईडी बनाते हुए ट्यूब पर उसको अंकित करना अनिवार्य होगा।

**18 साल से ऊपर के लक्षण वाले मरीजों की होगी सीवाई टीबी जांच :** प्रशिक्षण के क्रम में डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसलटेंट डॉ. विज्येंद्र कुमार सौरभ ने सीवाई टीबी जांच की प्रक्रिया से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह जांच टीबी के संदिग्ध मरीजों और असुरक्षित जनसंख्या के लोगों में करनी है। साथ ही, टीबी के इलाजरत मरीजों के कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग लिस्ट में शामिल लोगों में भी इसकी जांच होगी। ताकि, पता चल की किसी में टीबी से संक्रमित होने संभावना है या नहीं। उन्होंने डेमो दिलाते हुए बताया कि यह जांच त्वचा पर छोटे से इंजेक्शन के माध्यम से की जाती है। 48 से 72 घंटे के अंदर यदि इंड्यूरेशन 5 मिमी से अधिक होता है तो मरीज को टीबी संक्रमित मानकर टीपीटी दवा दी जाएगी। यदि इंड्यूरेशन 5 मिमी से कम हो, तो मरीज को असंक्रमित मानकर छह सप्ताह बाद दोबारा जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीवाई की जांच से जिले में टीबी जांच का प्रतिशत भी बढ़ेगा।

प्रशिक्षण के दौरान डीटीसी के हेड क्लर्क मनीष श्रीवास्तव, डीपीसी कुमार गौरव, एसटीएस राहुल कुमार, डीपीएस उत्तम कुमार, डाटा ऑपरेटर विजय प्रताप यादव, सीएफएआर के एसपीए अमित सिंह समेत सभी सीएचओ व स्टाफ नर्स मौजूद रहे।

### दोस्तों के साथ कार से खूंटी फॉल में नहाने गए थे दोनों भाई, घटना के बाद परिजनों में मचा कोहराम

# हादसा: रांची के रीमिक्स फॉल में एक दूसरे को बचाने में डूबे बक्सर के सगे भाईयों की मौत

♦ बक्सर के बगेन थाना क्षेत्र के शुकर टोला गांव के रहने वाले थे मृतक
♦ रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर इलाके में रहता था परिवार

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर जिले के दो किशोरों की झारखंड की राजधानी रांची से सटे खूंटी जिला में डूबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की है। दोनों सगे भाई थे तथा अपने परिवार के साथ रांची के सदर थाना क्षेत्र के कोकर इलाके स्थित अवधपुरी में रहते थे तथा मूल रूप से बक्सर के बगेन थाना क्षेत्र के शुकर टोला गांव के निवासी थे। शनिवार को दोनों का शव पैतृक गांव लाया गया। इस दौरान स्वजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों ने भारी मन से दोनों का अंतिम संस्कार किया।

मृतकों में शुकर टोला निवासी संजय यादव के पुत्र शुभम कुमार उम्र 17 वर्ष व राज कुमार उम्र 16 वर्ष शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों शुक्रवार को अपने छह अन्य दोस्तों के साथ एक चार पहिया वाहन रिजर्व कर खूंटी जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित रीमिक्स फॉल में नहाने गए थे। दोपहर करीब 12 बजे नहाने के दौरान ही अचानक राजकुमार नदी के तेज धारा में बहने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में शुभम भी डूबने लगा और देखते ही देखते दोनों भाई डूब गए।

उन दोनों को डूबता देख साथियों ने शोर मचाना शुरू किया। उनकी चीख सुन आसपास के लोगों में से कुछ ने नदी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद राज कुमार यादव को बाहर निकाला गया। बेसुध राज कुमार को बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसके भाई शुभम कुमार की बॉडी चट्टानों के बीच फंस गई थी, जिसे निकालने में लोगों को करीब साढ़े तीन घंटे लग गये थे। मारंगहादा पुलिस ने दोनों भाइयों का शव कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। इसके बाद स्वजन शव लेकर अपने पैतृक गांव पहुंचे।

ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि दोनों भाई होनहार थे तथा शुभम इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा दिया था। सगे भाईयों की मौत से परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट गया है। वहीं, दो किशोरों की मौत से शुकर टोला में मायूशी छाई है।

### बाइक से जाने वाले थे सभी, पिता ने किराए पर किया कार

खूंटी स्थित यह फॉल दशम फॉल के समीप स्थित है। जहां पर भारी संख्या में पर्यटकों का आना जाना होता है। परजिनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाइक से जाने वाले थे, लेकिन शिवम और राज के पिता संजय यादव ने उन्हें बाइक से जाने से मना किया। इसके बाद संजय यादव ने दोस्तों के साथ जाने के लिए स्कॉर्पियो किराए पर किया। घटना के दिन सभी दोस्त एक ही गाड़ी से कोकर स्थित अयोध्यापुरी से रीमिक्स फॉल के लिए निकले, लेकिन दोपहर में उन्हें सूचना मिली कि उनके दोनों बेटों की पानी में डूबने से मौत हो गई है।

## सिमरी में गंगा में डूबने से किशोर की मौत

**सिमरी।** गंगा में डूबने से एक 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। घटना शुक्रवार की शाम की है। शनिवार की सुबह जब स्वजन उसे खोजने लगे और कुछ पता नहीं चला तो शक के आधार पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाश करवाई तो गोताखोरों के हाथ उसका शव लगा। इसके बाद ही स्वजनों को उसके डूबने की जानकारी हुई।



मृतक रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र के अभिलाख के डेरा गांव के परमात्मा बिंद के पुत्र विवेक कुमार के रूप में हुई है। जानकारी मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार उसके स्वजन गंगा किनारे परवल की खेती किए है। वह शाम में खेत पर गया था, छह बजे के बाद पानी पीने की बात कह वह खेत से निकला था। संभवतः पानी पीने के दौरान ही गंगा में डूब गया। इधर खेत पर मौजूद उसके परिजनों को लगा कि वह घर चला गया होगा जिस कारण रात में किसी ने उसकी खोजबीन नहीं की। सुबह में जब उसके पिता खेत से घर आए तो पता चला कि विवेक घर पर नहीं आया है इसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई। करीब 16 घंटे बाद सुबह 9 बजे गंगा से उसका शव बाहर निकाला गया।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही रामदास राय के डेरा थानाध्यक्ष शुभम कुमार सदलबल मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गए है। घटना के बाद से पीड़ित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गौरतलब हो कि दियारा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग परवल की खेती करते है, इस दौरान खेत की रखवाली के लिए वहीं पर झोपड़ी लगा रहते भी है।

## सड़क दुर्घटना में रोहतास के युवक समेत दो की मौत



♦ धनसोई दिनारा पथ पर बिरना-खरवनिया गांव के पास हुआ हादसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

धनसोई -दिनारा मुख्य पथ पर स्थित बिरना-खरवनिया गांव के समीप शनिवार को आमने-सामने हुई दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक इलाज के लिए हायर सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। वही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शनिवार को करीब 1.30. बजे के करीब धनसोई थाना के बिरना-खरवनिया गांव के समीप दो बाइक सवारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहित भुइयां (18 वर्ष) पिता अरविंद भुइयां, रोहतास जिला के ग्राम बडिहा, थाना नासरीगंज जबकि दूसरे की पहचान बनारसी भुइयां, उम्र करीब 16 वर्ष पिता कामता भुइयां धनसोई थाना के चपटहीं गांव के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि रोहित बाइक से बनारसी के साथ अपनी चचेरी बहन मीना देवी के गांव चपटही जा रहा था। तभी धनसोई-दिनारा पथ पर बाइक का संतुलन बिगड़ने से उसकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दसूरे की मौत इलाज के लिए ले जाने के दौरान हुई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, घटना के बाद से मृतकों के स्वजनों में कोहराम मच गया है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजन इस घटना के बाद से बेहद मर्माहत हो गए है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी।

## सोशल मीडिया पर देशी पिस्टल लहराने वाला युवक गिरफ्तार, जेल

**केटी न्यूज/बक्सर**



मुफस्सिल पुलिस ने थाना क्षेत्र के गुरूदास मठिया गांव से देशी पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर देशी पिस्टल लहराते हुए उसका फोटो वायरल हुआ था, जिसकी जांच स्थानीय पुलिस ने की। जांच में वायरल वीडियो के सत्य पाए जाने पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान अमन पांडेय पिता चंदन पांडेय के रूप में की गई है। उसके पास से एक देशी पिस्टल के साथ ही एक स्मार्ट मोबाईल बरामद हुआ हैं।

सदर डीएसपी धीरज कुमार ने मुफस्सिल थाने में प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अमन ने देशी पिस्टल के साथ एक वीडियो डाली थी। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने वीडियो की तहकीकात की। जांच में वीडियो को सत्य पाया गया। इसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में अमन ने बताया है कि उसे ये पिस्टल इसी थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी गांव निवासी अंकित राय पिता रामेश्वर राय ने दी है तथा इसका मैगजीन व कारतूस उसी के पास है। इस जानकारी के बाद पुलिस अंकित को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गई है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक वह फरार चल रहा था। डीएसपी ने बताया कि उसे भी जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थिति में यूपी के युवक की बक्सर में मौत, हत्या की आशंका

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाबा नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। उसका शव शनिवार की दोपहर उसके कमरे से बरामद किया गया। युवक के गले पर बिजली के तार से कसने के निशान पाए गए हैं, जिससे पुलिस हत्या की आशंका जता रही है।

मृतक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के मैनपुरी गांव निवासी गुरुचरण वर्मा का बेटा आदित्य कुमार वर्मा है, जो पिछले दो तीन महीने से बक्सर में ही रहकर आभूषण निर्माण की कारीगरी सिख रहा था। वह बाबा नगर में किराए के मकान में रहता था। बीते दो-तीन दिनों से उसके स्वजन उससे संपर्क नहीं कर पा रहे थे, जिससे चिंतित होकर वे शनिवार को उसके किराए के मकान पर पहुंचे।

स्वजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। काफी प्रयास के बावजूद दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देख दंग रह गई। युवक का शव कमरे में पड़ा हुआ था।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ धीरज कुमार मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक जांच के बाद एफएसएल टीम को बुलाया गया। जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।







### जिलाधिकारी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण, दिए कई आवश्यक निर्देश

# बक्सर में पूज्य देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज के कथा सप्ताह की तैयारियां तेज

**केटी न्यूज/बक्सर**



देश के चर्चित कथा वाचक पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज का बक्सर में प्रस्तावित कथा सप्ताह की तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया व तैयारी समिति के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया तथा कई आवश्यक सुझाव दिए।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल, सदर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र, सदर डीएसपी धीरज कुमार व नगर परिषद के ईओ ने किया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने आयोजन समिति के लोगों को अपना सुझाव दिया व सम्बंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। तैयारी समिति के संयोजक विजय मिश्र में बताया कि जिलाधिकारी व जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। हर छोटी बड़ी बातों का विशेष ध्यान रख कर एक ऐतिहासिक कथा की तैयारी कराई जा रही है। श्री मिश्र ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को आईटीआई मैदान पर भूमिपूजन कर प्रवचन सप्ताह की विधिवत शुरूआत कर दिया जाएगा। 9 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रवचन सप्ताह के दौरान न सिर्फ बक्सर बल्कि बिहार व यूपी के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस आयोजन से सनातनियों में उत्साह का संचार हो गया है।

आयोजन के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि आयोजन की तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रख्यात संत देवकीनंदन जी महाराज के आगमन की जानकारी से श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हो गया है। हर दिन लाखों श्रद्धालु उनका प्रवचन सुनने आएंगे। इसे देखते हुए ही तैयारी किया जा रहा है, ताकी श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशान न हो। आयोजन को भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कल्लू राय, आंनद राय, निशांत राय, अविनाश पाण्डेय, मोहित बाबा, गोपालजी, रोहित राय, बड़े चौधरी, मुन्ना राय कौशिक, रोहित मिश्र, भाष्कर सिंह, आशु राय समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।



## बड़का राजपुर का पुनीत बना सेकेंड टॉपर तो चौसा की संस्कृति ने पूरे राज्य में पाया पांचवां स्थान स्थान

# मैट्रिक रिजल्ट: टॉप 10 में बक्सर का दबदबा पांच रैंकों पर जिले के छह विद्यार्थियों का कब्जा

♦ टॉप टेन की सूची में आठवें, नौवें व दसवें स्थान पर भी आए जिले के छात्र-छात्राएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को बिहार बोर्ड द्वारा मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। इस बार के परीक्षा परिणाम में बक्सर के छात्रों का जलवा रहा है। टॉप टेन में पांच स्थानों पर बक्सर के छात्रों ने अपना कब्जा जमा प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

इस कड़ी में आदर्श हाई स्कूल बड़का राजपुर के छात्र पुनीत सिंह ने कुल 488 अंक ला सेकंड टॉपर बने है। पुनीत के पिता शिक्षक है। वहीं, चौसा की संस्कृति कुमारी 485 अंक लाकर टॉप टेन में पांचवें नंबर पर आई है। इसके अलावे टॉप टेन में शामिल अन्य परीक्षार्थियों में ब्रह्मपुर प्रखंड के हाई स्कूल निमेज की छात्रा अंशु प्रिया 482 अंक ला आठवें, इसी प्रखंड के हाई स्कूल चकनी हठीलपुर के छात्र विशाल कुमार व नावानगर प्रखंड गिरिधर बरांव की छात्रा रोशनी यादव 481 अंक के साथ नौवें तथा अरियांव की डोली कुमारी ने 480 अंक ला दसवां स्थान प्राप्त किया है।

मैट्रिक परीक्षा में छात्रों के इस प्रदर्शन से शिक्षा विभाग के साथ ही उनके स्कूल के शिक्षक व परिवार वाले गौरवान्वित महसूस कर रहे है। शनिवार को आदर्श हाई स्कूल बड़का राजपुर पहुंच जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने राज्य के सेकेंट टॉपर बने पुनीत को सम्मानित किया है।

**विद्यालय में खुशी का माहौल** : पुनीत के सफलता की खबर सुनकर आदर्श उच्च विद्यालय बड़काराजपुर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार चौबे ने पुनीत को विद्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुनीत को मिठाई खिला कर उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना व बधाई दिया। शिक्षकों ने बताया कि पुनीत बहुत शालीन एवं आज्ञाकारी छात्र रहा है। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन व कडी मेहनत ही सफलता का राज है। प्रत्येक दिन वह विद्यालय आता था।



### सफलता के लिए शिक्षक का मार्गदर्शन जरूरी: पुनीत



बिहार में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पुनीत कुमार सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों की अपेक्षाकृत सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ है। सरकारी विद्यालयों मे सभी शिक्षक योग्य व अनुभवी है। उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रत्येक दिन विद्यालय जाना चाहिए एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन के अनुसार पठन–पाठन करना चाहिए। उनसे पूछा गया कि आपका लक्ष्य क्या है तो उन्होने कहा की आईएएस अधिकारी बन कर समाज की सेवा करना चाहता हूं। पुनीत ने सरकारी विद्यालयों की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों मे शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुए हैं।

### मैट्रिक परीक्षा में राज्य का सेकेंड टॉपर है शिक्षक का बेटा, बनना चाहता है आईएएस

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस उक्ति को प्रखंड के प्लस टू आदर्श उच्च विद्यालय बड़का राजपुर के छात्र पुनीत ने चरितार्थ कर दिखाया है। उसने मैट्रिक परीक्षा 2025 में पूरे बिहार में द्वितीय स्थान हासिल किया है। रिजल्ट जारी होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र पाण्डेय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नाजीश अली व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ पाण्डेय बड़का राजपुर पहुंच पुनीत कुमार सिंह को माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर सम्मानित किया। इस मौके पर डीईओ ने कहा कि कड़ी मेहनत के बदौलत कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होने विद्यालय के सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि आपलोग की मेहनत का प्रतिफल है। नियोजित शिक्षक के पद पर कार्यरत संतोष कुमार सिंह व माता सरिता देवी का पुत्र पुनीत कुमार सिंह 488 अंक प्राप्त कर बिहार मे सेकेंड टॉपर बन पूरे जिला का मान बढाया है। पुनीत के सफलता पर पूरे शिक्षा जगत में जश्न का माहौल कायम हो गया। पुनीत मूल रूप से कैमूर जिला के चांद प्रखंड अंतर्गत पाढ़ी गांव का स्थायी निवासी है। पुनीत के पिता सिमरी प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय बड़का राजपुर में शिक्षक के पद पर पदस्थापित है। सिमरी मे हीं अपने पिता के साथ किराये के मकान मे रह कर पुनीत पढ़ाई करता है।

### अनुशासन में रह नियमित पढ़ाई से मिली सफलता: संस्कृति पांडेय



**बक्सर।** राज्य में पांचवें स्थान पर आई चौसा निवासी कमलेश पांडेय की बेटी संस्कृति पांडेय ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के अलावे अनुशासन में रहकर नियमित पढ़ाई को दिया। संस्कृति की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

संस्कृति के पिता कमलेश पांडेय एक निजी शिक्षक हैं और शिक्षा के प्रति उनकी गहरी रुचि ने बेटी को भी प्रेरित किया। संस्कृति ने बताया कि उसने पढ़ाई के दौरान नियमितता और आत्म अनुशासन को अपनाया, जिससे यह सफलता प्राप्त हुई। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए संस्कृति ने कहा, यह मेरे माता–पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन का परिणाम है। आगे चलकर मैं नीट की तैयारी करूंगी और एक डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करूंगी। वहीं, कमलेश पांडेय ने बताया कि वह शुरू से तेज थी। उसकी परिश्रम व लग्न ने उसको मुकाम पर पहुंचाया। मेरी भी तम्मना थी जिसपर वह खरा उतरी। संस्कृति की इस उपलब्धि पर चौसा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने भी उसे बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मैट्रिक की परीक्षा में राज्य स्तर पर आठवीं रैंक हासिल करने वाली ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित निमेज गांव की अंशु प्रिया को सम्मानित करते शिक्षाविद्।



राज्य में 10वां स्थान प्राप्त करने वाली डॉली कुमारी को मिठाई खिलाते परिजन

## एक नजर

### @डुमरांव: ईद पर अलीगढ़ से मुजफ्फरपुर जा रहे युवकों की कार ट्रक से टकराई, बची जान

**डुमरांव।** बक्सर पटना राष्ट्रीय राजमार्ग 922 पर नया भोजपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत महाराजा कोठी के समीप एक कार और ट्रक की टक्कर हो गई। इस घटना में कार सवार तीन युवक बाल बाल बच गए, हालांकि उनकी कार बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। तीनों ईद पर अलीगढ़ से अपने घर मुजफ्फरपुर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर के आशिक पिता मोहम्मद सादिक, जैद पिता मोहम्मद कयूम और आशिफ पिता मोहम्मद सादिक तीनों अपने निजी वाहन से ईद मनाने अलीगढ़ से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। तीनों अलीगढ़ में ही रहते हैं जिनमें एक आईटी कंपनी में काम और दो छात्र हैं। दोपहर के करीब वे शनिवार की दोपहर जैसे ही वे महाराजा कोठी के समीप पहुंचे कि सामने से आ रही ट्रक से उनकी कार टकरा गई। इसकी सूचना मिलते ही नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे तथा दोनों वाहनों को अपनी अभिरक्षा में लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पता लगाया जा रहा है कि किसकी गलती से यह दुर्घटना हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर अग्रतर कारवाई की जाएगी।



### @सिमरी: अगलगी में खाक हुए दो घर

**सिमरी।** तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में शनिवार की दोपहर अचानक हुई अगलगी की घटना में दो आशियाना जलकर खाक हो गए। हालांकि, ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रया किया, लेकिन तबतक दोनों घर पूरी तरह से जल गए थे। हालांकि, ग्रामीणों ने आग पर काबू पा इसे अन्य घरों में फैलने से बचा लिया। अगलगी की घटना प्रितम सिंह व अंजनी सिंह के घर में हुई है। अचानक दोनों घरों में आग लग गया। घरवाले जबतक समझते तथा आग पर काबू पाने का प्रयास करते तबतक देर हो गई थी। इस घटना में दोनों घरों में हजारों की संपत्ति खाक हुई है।

### @बक्सर: डीएम–एसपी ने बक्सर के छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

बक्सर। आगामी चैती छठ पूजा के मद्देनजर डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी शुभम आर्य ने बक्सर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। आगामी चैती छठ पूजा हेतु तैयारियों का निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बक्सर नप ईओ को निर्देश दिया कि खतरनाक छठ घाटों का पहचान एवं उनका नाम प्रदर्शित/प्रचारित कराते हुए लोगों से अपील करेंगे कि उक्त घाटों पर छठ पूजा के लिए नहीं जाये। साथ ही, सामान्य छठ घाटों एवं उसके रास्तों की पर्याप्त साफ-सफाई, मजबूत बैरिकेडिंग, अधिक गहराई में नहीं जाने के लिए चेतावनी हेतु लाल झंडा लगाना एवं पूजा समिति से समन्वय कर घाटों उसके रास्तों पर पर्याप्त रौशनी एवं माईकिंग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। छठ पूजा हेतु चिन्हित पक्का घाटों के आस-पास मिट्टी के घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, रौशनी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वहीं, मुख्य घाटों पर चेंजिंग रूम एवं अस्थायी शौचालय/यूरिनल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। छठ घाटों के रास्तों की आवश्यक मरम्मति/ड्राप गेट लगाने के अलावा घाटों पर सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी तथा अस्थायी नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। अंचल अधिकारी बक्सर को नदी घाट पर लाईफ जैकेट के साथ नाव-नाविक एवं गोताखोर (गोताखोर नाव पर ही) की तीन से चार मार्च तक प्रतिनियुक्ति कराने का निर्देश दिया गया।



## बहस के बीच नप बोर्ड की बैठक में आठ एजेंडों पर लिया गया प्रस्ताव



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद ने शनिवार को दो बैठकें आयोजित की गई। इनमें एक सधारण बोर्ड की बैठक और एक बजट की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने की। बैठक में जहां कुल आठ एजेंडों पर जमकर बहस चली, फिर स्वीकृति मिली। वहीं बजट को लेकर आयोजित बैठक में 1 अरब 22 करोड़ का बजट पेश किया गया।

इस दौरान विस्तारित क्षेत्र के वार्ड पार्षदों ने सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। पार्षटों ने कहा कि जहां प्रतिदिन सफाई होनी चाहिए, वहां सप्ताह में एक या दो दिन ही होता है। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां इनका कहना था कि एनजीओ के द्वारा कई मोहल्ले में सफाई के लिये कोई नहीं जाता।

वहीं बैठक में पूर्व के आठ एजेंडों की संपुष्टि पर विचार किया गया। साथ ही, शहर और विस्तारित क्षेत्र की साफ-सफाई, ईद, रामनवमी एवं चैती छठ पूजा की तैयारी पर विचार किया गया। बैठक के दौरान जो योजनाएं चयनित की गई थी, उस पर जमकर बहस हुई फिर स्वीकृति मिली। इसी तरह से नगर परिषद द्वारा अधिष्ठापित लाइठ की मरम्मति पर वार्ड पार्षदों ने जमकर अवाज उठाई और उस पर बहस चला। कुछ ने चयनित क्षेत्रों में शीघ्र लाइट लगाने की मांग की। उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर ने नगर में कोई सरकारी व्यायामशाला नहीं है और नहीं खेल-कूद की कोई व्यवस्था है। इसे एजेंडे शामिल करते हुए इस शीघ्र ही कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में सभी पार्षदों के अलावे नप ईओ मनीष कुमार मौजूद रहे।

## अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा के उद्घाटन के साथ निकाला जाएगा भव्य जुलूस

♦ अंबेडकर जयंती पर होगा बाबा साहेब की प्रतिमा का भव्य उद्घाटन

**केटी न्यूज/केसठ**



भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जयंती समारोह को भव्य रूप से मनाने को लेकर अंबेडकर युवा मंच के तत्वावधान में शनिवार को केसठ स्थित पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी सह शिक्षक अजय कुमार विक्रांत ने की। वहीं, संचालन सुधीर रंजन ने किया।

बैठक में समारोह के आयोजन से संबन्धित कई प्रस्ताव पारित किये गये। इस दौरान युवा मंच के द्वारा निर्णय लिया गया कि, इस बार संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अम्बेडकर के जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया जायेगा, साथ की उनकी प्रतिमा स्थापित कर भाव उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद क्षेत्र में एक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इसी कड़ी में भव्य जुलूस निकालने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया तथा उनके विचार एवं कृतियों को जन जन तक पहुंचाना अम्बेडकर विचार मंच के सभी सदस्यों का मुख्य उद्देश्य है।

बैठक में सदस्यों ने कहा कि हमे उनके मार्गों पर चलना होगा। इस दौरान प्रस्ताव पारित किया गया कि, सभी पंचायतों को सेक्टर के रूप में विभाजित कर अधिक से अधिक लोगों से सम्पर्क साधकर लोगों को जयंती समारोह मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाए। यह भी पारित किया गया कि, इस बार समारोह का आयोजन पंचायत सरकार भवन के समीप किया जाए। इसके साथ ही अन्य कई प्रस्ताव पारित किये गये। इस दौरान सुदर्शन यादव बौद्ध, हरेराम पासवान, भंते बिमलकृति, चन्दन कुमार, सुरजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चौसा नपं के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 को लेकर सामान्य बोर्ड की बैठक संपन्न

# नए वित्तीय वर्ष में 61 करोड़ का बजट स्वीकृत

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के चौसा नगर पंचायत में मुख्य पार्षद किरण देवी की अध्यक्षता में शनिवार को सामान्य बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक का संचालन नपं के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने किया।

मुख्य पार्षद किरण देवी ने बताया कि यह बजट नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की जरूरतों को प्राथमिकता दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि इस बजट से चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

बैठक में चौसा नपं के विकास के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तुत बजट विवरण के तहत नगर पंचायत का अनुमानित प्रारंभिक शेष राशि 30,96,853 है। आगामी वर्ष में आतंरिक राजस्व, केंद्र व राज्य सरकार से प्राप्त अनुदानों को मिला कर कुल प्राप्ति 63,20,61,745 रुपये की होगी। वहीं, कुल व्यय का अनुमान 61,30,80,850 लगाया गया है। साथ ही, बजट में स्थापना एवं अन्य राजस्व व्यय के लिए 29,39,55,850 का प्रावधान किया गया है, जबकि आधारभूत संरचना एवं विकास कार्यों के लिए पूंजीगत व्यय के रूप में 31,91,25,000 निर्धारित किए गए हैं।

बैठक में नगर पंचायत के सभी वार्डों के पार्षद, अधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।






## मैट्रिक रिजल्ट : जिले के पांच छात्र का तीन रैंक पर कब्जा

# स्टेट टॉप 10 की सूची में पहले स्थान पर पिठौरा का रंजन काबिज

♦ रंजन ने 489 अंक किया प्राप्त, परिजनों में खुशी का माहौल

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा शनिवार को 10वीं का रिजल्ट जारी किया गया। इसमें भोजपुर जिला के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिटरो गांव के रहने वाले रंजन वर्मा ने बिहार में टॉप आकर के बिहार समेत भोजपुर जिले का नाम रोशन किया है। रंजन 489 अंक यानी 97.80 अंक प्राप्त किया है। रंजन के पिता स्व. शिवशंकर सिंह किसान थे। जिनकी मृत्यु 2023 में ब्रेन हेमरेज की वजह से हो गई थी। उसके बाद रंजन को पढ़ाई में थोड़ी समस्या हुई थी। लेकिन उसके बड़े पिता रामाशंकर सिंह ने रंजन का सारा पढ़ाई का खर्च उठाया और उसे आगे पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद रंजन ने कड़ी मेहनत की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है।



इस पर रंजन ने बताया कि वह प्रतिदिन कम से कम 8 से 10 घंटा पढ़ाई करता था। पढ़ाई का कोई लिमिट नहीं होता था। जब भी समय मिलता था। वह पढ़ाई ही करता था। वहीं रंजन आगे चलकर आईएएस की तैयारी करना चाहता है। रंजन ने बताया कि वो आगे चलकर आईएएस ऑफिसर बनना चाहता है। रंजन ने कहा कि जब मैट्रिक में टॉप रैंक में शामिल हो गए हैं, तो यूपीएससी की तैयारी करके आईएएस बनना चाहेंगे। वहीं रंजन की मां शिला देवी ने हमेशा रंजन पर विश्वास जताया और आज रंजन ने अपनी मां और अपने घर वालों का सपना पूरा किया। वहीं इस खुशी के मौके पर पूरा परिवार खुश है। पास होने के बाद दोनों बेटों ने मां से आशीर्वाद लिया और मिठाइयां खिलाई है। रंजन के रिजल्ट आने की खुशी मिलते ही रंजन को पूरे गांव के लोग बधाई देने पहुंची है।

वहीं रंजन के पिता स्व. शिवशंकर सिंह के देहांत के बाद शिला देवी हमेशा अपने दोनों बेटों को पढ़ाना चाहती थी। चूड़ा मील और खेती से घर परिवार चलता था। लेकिन रंजन ने बड़े पिता रामाशंकर सिंह ने काफी मदद की। वहीं शिला देवी का कहना था कि दूसरे लड़कों को देखती थी, तो लगता था मेरा लड़का भी टॉप करें।

**आईएएस बनने तक की पढ़ाई वो पूरा कराएंगे :** टारगेट बोर्ड के निदेशक प्रिंस कुमार ने बताया कि दोनों जुड़वा भाई ने बिहार बोर्ड में कमाल किया है। दोनों हमारे टारगेट बोर्ड से पढ़ाई किया है। निदेशक ने कहा कि अब से लेकर आईएएस बनने तक की पढ़ाई वो पूरा कराएंगे। चाहे रंजन आने वाले समय में जो बनना चाहता है उसमें हमलोग उसका पूरा सहयोग करेंगे।

वही रंजन के टॉप होने के बाद पीरो नगर पंचायत के सभापति किरण उपाध्याय ने घर पर पहुंचकर रंजन समेत पूरे परिवार को बधाई देने के लिए पहुंची है। उन्होंने कहा कि रंजन को हर महीने पढ़ने के लिए हर संभव राशि की मदद की जाएगी। रंजन को बधाई देने के लिए जेडीयू के प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय, भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,विकास पांडेय,विश्वनाथ सिंह एवं राजन सिंह के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी अह असहन भी घर पहुंचकर रंजन को बधाई दी है।

वहीं पीरो के उत्क्रमित मध्य विद्यालय आयर की छात्रा रुचि कुमारी, राजकीय विद्यालय सोनवर्षा शाहपुर के मनीष कुमार यादव और कैथोलिक स्कूल आरा के विवेक कुमार ने 482- 482 अंक लाकर राज्य स्तर पर आठवां रैंक हासिल किया है। साथ ही, शाहपुर स्थित निर्मला शिक्षा भवन के अमित कुमार शाह ने 9वीं रैंक हासिल किया।

## अनियंत्रित होकर सवारी से भरी ऑटो पलटी, चालक की मौत एवं पांच जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के उमरावगंज गांव के समीप शनिवार की सुबह अनियंत्रित होकर सवारी से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार पांच अन्य लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही।



जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के साहब टोला गांव निवासी मो. इस्लाम अंसारी के बेटे मो. सादिक अंसारी उर्फ शमशेर अंसारी है एवं वह पेशे से ऑटो चालक था। इधर मृतक के मौसेरे भाई मो.मुमताज अंसारी ने बताया कि शनिवार की सुबह वह ऑटो पर सवारी लेकर बिहिया बाजार से गौरा बाजार जा रहा था। उसी दौरान उमरावगंज गांव के समीप बच्चे को बचाने के क्रम में उनकी ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 25 फीट नीचे चार्ट में पलट गई। जिसमे उसके मौसेरे भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार पांच अन्य लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा फोन कर इसकी सूचना उसके परिजनों को मिली। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी रौशन आरा एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बालू घाट से दो राइफल व 123 कारतूस बरामद

**आरा।** कोईलवर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर महादेव चक सेमरिया गांव से महुई चक सोन नदी के बालू घाट जाने वाले रास्ते में छापेमारी कर दो देशी राइफल ,123 जिंदा कारतूस, व 38 मिस फायर कारतूस को बरामद किया है। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि महुई चक बालू घाट के पास कुछ लोग हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में लगे हुए हैं। सूचना के आलोक में कोईलवर थाने की पुलिस बल के साथ उक्त स्थल पर छापेमारी की गई तो वहां से दो देशी राइफल 123 जिंदा कारतूस व 38 मिस फायर कारतूस बरामद किया गया। वहीं पुलिस को आता देख उन्होंने हथियार फेंक कर सोन नदी के रास्ते फरार हो गए। इस संबंध में तीन लोगों के विरुद्ध कोईलवर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## 30 मार्च को बखोरापुर में हिन्दू नव वर्ष पर भव्य कार्यक्रम कराएंगे अजय सिंह

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल मैदान बखोरापुर में हिंदू नव वर्ष मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। हिंदू नव वर्ष 30 मार्च को चैत माह के प्रतिपदा तिथी पर मनाने की तैयारी की गई है। वहीं, भोजपुरी कलाकारों अपने गीतों से हिंदुओं के आस्था में अलख जगायेंगे।

भाजपा नेता सह समाजसेवी अजय सिंह ने कहा कि हिंदू नव वर्ष पर भोजपुर जिला समेत पुरे बिहार से गणमान्य लोग शामिल होने आ रहे हैं। इस नव वर्ष पर चैता गायन के लिए भोजपुरी कलाकार कमलबास कुंवर तथा अरविंद सिंह अभियंता आयेंगे। प्रतिवर्ष हम लोगों के साथ मिलकर हिंदू नव वर्ष मानते रहेंगे। पूर्व सैनिकों को सम्मानित करना और हिंदू धर्म में घर वापसी करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। लगभग 80 हजार वर्गफुट में भव्य पंडाल लगाने का काम शुरू हो गया है। नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रमों में 25 से 30 हजार लोगों के आने की संभावना है। भाजपा नेता सह समाजसेवी अजय सिंह ने बताया कि हिंदू नववर्ष पर भोजपुर समेत पूरे बिहार से गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## राजद के इफ्तार पार्टी में पहुंचे कई दिग्गज



**आरा।** जिले के गड़हनी सहिला पुल के समीप दावते-ए-इफ्तार में राजद के युवा नेता ओसामा साहेब पहुंचे। जहां राजद के राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव के द्वारा दावते-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ओसामा साहब मुख्य अतिथि के रूप में थे। दावते-ए-इफ्तार में पहुंचने के बाद ओसामा साहब का राजद के नेताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भोजपुर बक्सर के एमएलसी राधाचरण शाह, राजद के पूर्व विधायक बिजेंद्र यादव समेत अन्य कद्दावर नेता मौजूद थे। बिजेंद्र यादव के द्वारा ओसामा साहेब को शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

**लोजपा (रा) का केसठ में महिला सशक्तिकरण व जागरूकता सम्मेलन आयोजित**

# महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही केंद्र व राज्य सरकार: अखिलेश सिंह

**केटी न्यूज/केसठ**

बक्सर लोजपा रामविलास ने महिला सशक्तिकरण व जागरूकता सम्मेलन डुमरांव विधान सभा के केसठ गांव में आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष धनजी पासवान व संचालन महिला अध्यक्ष सविता देवी ने किया। जबकि महिला सशक्तिकरण व जागरूकता सम्मेलन में मुख्य अतिथी के तौर पर बक्सर लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में शामिल सैकड़ो महिलाओं की समस्याएं सुनी व उन्हें सूचीबद्ध किया व जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया।



महिला सशक्तिकरण व जागरूकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार प्रतिबद्ध है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने महिलाओं को सशक्त व जागरूक करने के लिए हम सभी को गांव गांव भेज रहे है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी देश में बढे. उसके लिए केन्द्र की सरकार ने महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। बिहार में एनडीए की सरकार ने पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण, नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण व जीविका के माध्यम से महिलाओं को हक दिलाने जैसी अनेक फैसले लागू किया। जो बिहार की महिलाए लाभान्वित हो रही है। लोजपा रामविलास व एनडीए सरकार महिलाओं की हितैषी है।

मौके पर विजय बहादुर सिंह, ठाकुर भानुशंकर सिंह, अभिषेक पांडेय, मनोज कुमार सिंह, गोल्डी दुबे, विकास पासवान, जितेंद्र पासवान, राकेश पासवान, विनोद पासवान, चंदन दुबे, धर्मशीला पासवान, शारदा देवी, तिजया देवी, वृजकुमारी देवी, लचीया पासवान, फुलकेशवरी देवी, कमली देवी, उमरावती देवी, प्रभावती पासवान, पाना देवी, सतेन्द्र पासवान, मिथिलेश पासवान, अशोक पासवान, जिला सहायक मीडिया प्रभारी गोलु श्रीवास्तव, चौगाईं प्रखंड अध्यक्ष शिव जी सिंह, राजकुमारी देवी, कंचन पासवान, सोनामती देवी, कोराली देवी, लाली देवी, रमावती देवी, प्रमीला देवी, विमला देवी, ममता देवी, कल्पना देवी, रिंकू देवी, कौशल्या देवी व अन्य मौजूद रहे।






# सिमडेगा में जंगली हाथियों का आतंक, तीन लोगों की कुचलकर ली जान



**सिमडेगा/गुमला, एजेंसी।** आक्रामक जंगली हाथियों ने बानो में अलग-अलग क्षेत्र में दो लोगों की जान ले ली। पहली घटना महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली की की है। वहीं, दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव की है। वहीं, गुमला में भी हाथी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। तीन लोग हाथी के हमले में घायल हो गए।

महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली में घर के बाहर सोए विकास ओहदार को जंगली हाथी ने कुचलकर जान ले ली। घटना गुरुवार रात करीब 12:30 बजे की है। घटना की जानकारी सुबह परिजनों और ग्रामीणों को हुई। घटना की जानकारी वार्ड सदस्य संदीप समद एवं बेड़ाइरगी पंचायत की मुखिया हेलेना कंडुलना को दी गई।

इसके बाद थाना और वन विभाग को भी इस घटना की सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मी मनीष और सुरेश टेटे घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 दस हजार रुपये दिए।

घटना की जानकारी होने पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने मामले की जानकारी ली और वन विभाग को मृतक के आश्रितों को जल्द सहायता करने का निर्देश दिया।

बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव में जंगली हाथी ने एक 45 वर्षीय महिला सिबिरया लुगुन को कुचलकर मार डाला। यह घटना शुक्रवार सुबह 6 बजे की है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला सुबह महुआ चुनने गई थी। इसी बीच महिला का हाथी से आमना-सामना हो गया और हाथी ने उसे कुचलकर मार डाला।

ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीण जंगली हाथी को भागने के लिए जंगल में गए थे। इसी बीच महिला के शव को झाड़ी में देखा। इसके बाद वन विभाग की टीम को इस बारे में सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 हजार रुपये दी।

बानो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया है। आपको बता दें कि जंगली हाथियों ने तीन दिन के अंदर तीन लोगों की जान ली है, जिसके बाद से इलाके के लोग दहशत में हैं।

जंगली हाथियों ने दो की जान ली है, क्षेत्र में दो हाथी बताए जा रहे हैं। विभाग की टीम उन पर नजर रखे हुए है। एक की मौत एक दिन पूर्व जलडेगा क्षेत्र में हुई थी, वहां दूसरे हाथी ने घटना को अंजाम दिया था। लोग हाथी और भालू से सुरक्षा को लेकर सजग रहें। भालू भी खासकर सुबह और शाम में अधिक सक्रिय रहते हैं।

जिले के पालकोट प्रखंड के देवगांव चपाटौली गांव में हाथी ने हमला कर एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला, जबकि तीन लोगों को घायल कर दिया। घटना शुक्रवार सुबह पांच बजे की है।

जानकारी के अनुसार देवगांव निवासी खीस्तोफर एक्का उम्र 60 वर्ष सुबह 5 बजे पुआल लाने के लिए घर से निकले थे, तभी हाथी ने हमला कर दिया और उन्हें पटककर मार डाला।

इसरे बाद हाथी ने तीन और लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सभी घायलों के परिजनों को 5-5 हजार रुपये दिए गए हैं।

# झारखंड के निजी स्कूलों की मान्यता के लिए तय जमीन की शर्त में हो सकता है बदलाव, रामदास सोरेन ने दिया निर्देश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीइ) की नियमावली में संशोधन किया जायेगा. इसके तहत निजी स्कूलों को मान्यता लेने के लिए नियमावली में तय भूमि की शर्त में बदलाव हो सकता है. इसे लेकर स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है. विभागीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया शुरू की है.

झारखंड में वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों की मान्यता के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में एक एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है. विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान शिक्षा मंत्री के समक्ष राज्य में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों का मामला रखा गया. शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को स्कूलों की मान्यता को लेकर आवश्यक शर्त की जानकारी दी गयी. बैठक में कहा गया कि निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल जमीन की शर्त रखी गयी है, जिसकी पूर्ति शहरी क्षेत्रों में संभव नहीं हो पा रही है. ग्रामीण क्षेत्र में भी जमीन को लेकर परेशानी हो रही है. ऐसे में शिक्षा मंत्री ने स्कूलों की मान्यता को लेकर आवश्यक जमीन की अहर्ता कम करने को लेकर कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखने का निर्देश दिया. राज्य में वर्ष 2011 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ था. फिर वर्ष 2019 में नियमावली में पहला संशोधन हुआ और अब दूसरा संशोधन हो सकता है.

झारखंड में बिना मान्यता के सबसे अधिक 5879 विद्यालय संचालित हैं. इन स्कूलों में 837879 बच्चे नामांकित हैं, जबकि 46421 शिक्षक कार्यरत हैं. देश में बिना मान्यता के सबसे अधिक निजी स्कूल झारखंड में संचालित किये जा रहे हैं. ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष देश भर में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की संख्या जारी की थी. जिसके बाद झारखंड में स्कूलों की मान्यता को लेकर पत्र जारी किया गया था.

झारखंड के निजी स्कूल संचालक काफी दिनों से जमीन की शर्त में बदलाव की मांग कर रहे हैं. इस संबंध में स्कूल संचालकों का कहना था कि इस शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल जमीन मिलना काफी मुश्किल है.

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के मंथन शिविर का तीसरे दिन, मंत्रियों ने जिला अध्यक्षों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

**रांची, एजेंसी।** संगठन सृजन वर्ष 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 26 मार्च से रांची में कांग्रेस पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम का आयोजन कर रही है. इस मंथन कार्यक्रम के तीसरे दिन झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और अन्य वरिष्ठ सदस्यों की बैठक हुई. इस मंथन बैठक में जिला अध्यक्ष भी शामिल हुए. इस बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू और मंत्रियों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम दरअसल राज्य में पार्टी संगठन को बनाने का कार्यक्रम है. उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के विभागों की योजनाओं की जानकारी सभी को दी गई है. अब सभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष इन योजनाओं की जानकारी प्रखंड और पंचायत स्तर तक पहुंचाएंगे. उन्होंने कहा कि पार्टी ने अगले 3 महीने तक संगठन को मजबूत करने का टास्क भी दिया है. आज इस बात पर भी गहन मंथन हुआ कि ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को कैसे मजबूत किया जाए. बेरमो से कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के अनुभव का हमें लाभ मिलेगा. उन्होंने प्रदेश प्रभारी को कुशल संगठनकर्ता बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा. वहीं कांग्रेस कोटे से हेमंत सरकार में कृषि एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज हम जो प्लानिंग कर रहे हैं, उसे जिला अध्यक्ष तक कैसे पहुंचाया जाए, इस पर गहन चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि संगठन और सक्रियता के बिना कोई भी संस्था मजबूत नहीं हो सकती. शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग की योजना से संगठन और आम लोगों को जोड़कर ही संगठन मजबूत होगा. कांग्रेस में लोकतंत्र है और चर्चा के दौरान जो भी सलाह या शिकायतें आई हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा.वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमने विभाग के काम को जिला अध्यक्ष के साथ साझा किया है. हमारा संगठन सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए बेहतर तरीके से काम करेगा. इसी कारण विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और उसमें चल रहे कार्यों को जिला अध्यक्षों के साथ साझा किया गया है. दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाया जा सके, इस पर चर्चा हुई है.

### चाईबासा में नक्सलियों के डंप में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, सुरक्षा बलों ने किया नष्ट

**चाईबासा, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. टोंटो थाना क्षेत्र के जिमकिकिर गांव के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाए गए विस्फोटक व अन्य सामग्री को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है. नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इन विस्फोटकों को एक पुराने नक्सल डंप में छिपाकर रखा था. सुरक्षा के मद्देनजर बरामद विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की मदद से उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया. सुरक्षा बलों ने उस नक्सल डंप को भी ध्वस्त कर दिया. साथ ही अन्य विस्फोटक व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त कर ली. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अपने दस्ते के सदस्यों के साथ विध्वंसक गतिविधियों के लिए सारंडा कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील हैं. इसको लेकर चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर लगातार अभियान चला रही है. कोल्हान में शीर्ष नक्सली नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ ??उपटन, जयकांत, रापा मुंडा मौजूद हैं. एसपी ने बताया कि वर्ष 2022 से लगातार गोईलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम कुइड़ा, छोटा कुइड़ा, मरादिरी, मेरालगाड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपैसांग, कटंबा, बयाहातू, बोरॉय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों में तथा टोंटो पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटोरब, गोबुरु, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल पहाड़ी इलाके में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के उग्रवादियों द्वारा हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी. जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया. जहां सुरक्षा बलों ने एक पुराने नक्सली डंप से विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की.

# साउथ बिहार एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी, खिड़की के टूटे कांच, बाल-बाल बचे यात्री



**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला क्षेत्र में एक बार फिर ट्रेन पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। इस बार दुर्ग से आरा तक चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13287 को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया।

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के पास इस ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई। इस हमले में बी-4 कोच की 71 नंबर बर्थ का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन राउरकेला रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी और बंडामुंडा स्टेशन में प्रवेश करने वाली थी, तभी अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई।

इससे एसी कोच के शीशे टूट गए और अंदर बैठे यात्री डर गए। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कुछ समय के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद स्थिति सामान्य हो गई।

घटना के बाद ट्रेन को सुरक्षा कारणों से कुछ देर के लिए रोका गया, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को जल्द ही आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

जब ट्रेन चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो क्षतिग्रस्त कोच के शीशे की मरम्मत की गई, जिसके बाद ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि बीते 48 घंटों में यह दूसरी बार है जब किसी ट्रेन को निशाना बनाया गया है। इससे पहले वंदे भारत एक्सप्रेस पर भी पत्थरबाजी की घटना हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से यात्रियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

लगातार हो रही इन घटनाओं से रेलवे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही पत्थरबाजों की पहचान हो पाई है।

रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाएंगी, यह देखने वाली बात होगी। यात्रियों की मांग है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई करे और ट्रेन के सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए, जिससे यात्री बिना किसी डर के यात्रा कर सकें।

# चतरा के सिमरिया अस्पताल में नहीं मिली एम्बुलेंस की सुविधा, परिजनों ने जमकर काटा बवाल

**चतरा, एजेंसी।** जिले के सिमरिया रेफरल अस्पताल में एंबुलेंस नहीं मिलने से लोगों का गुस्सा भड़क गया. ग्रामीणों और घायलों के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. दरअसल, सिमरिया-टंडवा मुख्य मार्ग पर बाबा पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार कोयला वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी. इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.

**आक्रोशितों ने जमकर किया हंगामा :** घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां इलाज के दौरान सिमरिया थाना क्षेत्र के हर्षनाथपुर निवासी 28 वर्षीय सुरभिल भुइंया की मौत हो गई.

वहीं, सदर थाना क्षेत्र के लेमखरी गांव निवासी मुकेश भुइंया और राकेश भुइंया की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल रेफर कर दिया. लेकिन सिमरिया रेफरल अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण



परिजनों को मजबूरन निजी वाहन से घायलों को हजारीबाग ले जाना पड़ा. एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से आक्रोशित लोगों ने सुरभिल भुइंया के शव के साथ सिमरिया मुख्य चौक को जाम कर दिया.

**दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा-पुलिस प्रशासन :** मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी प्रियेस प्रसून और मुखिया सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी. लंबी बातचीत और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया.

अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा कि अस्पताल में एंबुलेंस न मिलने की शिकायत बेहद गंभीर है. उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों का कहना है कि सिमरिया जैसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव पहले भी कई बार जानलेवा साबित हुआ है. स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए अस्पताल में एंबुलेंस सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं.

# मार्च में ही तेवर दिखा रही गर्मी, तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार, हीट वेव की भी चेतावनी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है, आसमान से आग बरस रही है। शुक्रवार को प्रदेश के कई शहरों का तापमान बढ़कर 40 डिग्री पार कर गया। वहीं, दिनभर लू चली, जिसकी वजह से लोग काफी ज्यादा परेशान नजर आए। राजधानी रांची का तापमान भी 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

दोपहर में चिलचिलाती धूप और लू की वजह से सड़कों पर भी लोग कम नजर आए। वहीं, जो लोग मौजूद थे, वे छाता और मुंह पर गमछा बांधे हुए थे।

मौसम विभाग के अनुसार, जमशेदपुर में बीते 24 घंटे में तापमान में 1.1 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुरुवार को शहर का तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिन मौसम इसी तरह का बना रहेगा। वहीं, तापमान में भी ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। ऐसे में लोगों को सावधान व सतर्क रहने की जरूरत है। जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। अन्यथा घरों में ही रहें।

मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और गर्मी में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। इस मौसम में बच्चे और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चे स्कूल से आए तो उन्हें तत्काल ठंडा पानी नहीं दें। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को अलर्ट किया है। साथ ही, रोजाना गर्मी के संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट देने को कहा गया है।

अभी तक किसी अस्पताल से रिपोर्ट नहीं पहुंच रही है। ऐसे में जिला सर्विलांस विभाग ने फिर से सभी अस्पतालों को आगाह किया है।पलामू में शुक्रवार को मौसम साफ रहा, सुबह की शुरूआत हल्की हवाओं के बीच हुई, वहीं दोपहर को तेज धूप की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना कम हो गया है। आज पलामू का अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है।

# दुमका विधायक बसंत सोरेन की इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदारों ने लिया भाग

**दुमका, एजेंसी।** रमजान माह के अंतिम जुम्मे के दिन दुमका में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया.जिसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए.

**इंडोर स्टेडियम में हुई इफ्तार पार्टी :** रमजान के अलविदा जुम्मा के अवसर पर दुमका के इंडोर स्टेडियम में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया. इसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ जिले के सभी 10 प्रखंडों के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की. रोजा खोलने से पूर्व सभी रोजेदारों ने दुमका सहित पूरे झारखंड के लिए अमन-चैन और आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी.

**काफी संख्या में शामिल हुए रोजेदार :** तय समय पर रोजेदारों ने खजूर के साथ कई तरह के पकवान, मिठाई, फलों के साथ रोजा खोला. खास बात यह थी कि इस मौके पर दुमका के उपायुक्त



आंजनेयुलु दोड्डे , एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के साथ प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे. साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने भी भाग लिया. विधायक के निमंत्रण पर काफी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी इफ्तार पार्टी में भाग लिया.

इस मौके पर दुमका विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि इस रमजान माह के इस पवित्र अवसर पर हम सभी ने एक साथ इफ्तार किया. उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव और भाईचारे के इस त्योहार पर हम अपने तमाम मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद देते हैं.

# श्रीराम कथा शुरू, राजन जी महाराज के शब्द सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो के सेक्टर चार मजदूर मैदान में गुरुवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज नौ दिनों तक श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। प्रथम दिन का भव्य आयोजन श्रद्धा व आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ। राजन जी महाराज ने कथा का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पावन नाम के स्मरण के साथ किया। कहा कि रामचरितमानस का श्रवण व्यक्ति के जीवन में काम, मद और दंभ को समाप्त करता है। उसे सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि श्रीराम कथा हमें केवल भक्ति का मार्ग ही नहीं दिखाती, बल्कि जीवन के हर रिश्ते में हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराती है। रामचरितमानस सिखाता है कि पुत्र, पिता, पत्नी और यहां तक कि शत्रु भी कैसा होना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने घर में रामचरितमानस रखने और प्रतिदिन उसका पाठ करने की सलाह दी। विशेष रूप से बच्चों को इससे जोड़ने की प्रेरणा दी।

## भक्ति में डूबी श्रद्धालु जनता

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गीयारी, डीटीओ वंदना सेजवलकर उपस्थित रहे। मुख्य संयोजक प्रेमचंद ने अतिथियों का स्वागत किया। कथा स्थल पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसास्वादन किया। राजन जी महाराज ने बताया कि कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को भगवान शंकर के विवाह के प्रसंग का वाचन होगा, जिसके उपरांत रामचरितमानस की कथा आगे बढ़ेगी।

# संयुक्त पड़हा संघ की ओर से खूंटी में कर्रा सीओ के खिलाफ आदिवासी समुदाय ने प्रदर्शन किया

**खूंटी, एजेंसी।** जिला में सीओ कर्रा के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है. आदिवासियों ने कहा कि हमको यह सीओ नहीं चाहिए. इस सीओ ने हमें जमीन के मामले में परेशान कर दिया है. उन्होंने सीओ को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.

आदिवासी समाज का कहना है कि जमीन के कागजों में किसी का सरनेम लेदा उरांव है तो किसी का लउआ मुंडा भी है, किसी का धांधू है तो किसी का साधु भी है. किसी का टाइटल होरो है, खाखा है. लेकिन यहां आए नए-नए अधिकारी तो सही से लिख भी नहीं पाते हैं, तिर्की को खिड़की लिखते हैं. यह हालत है इनकी, खुद गलत करते हैं और फिर कहते हैं कि नाम सुधारने के लिए प्रज्ञा केंद्र जाइये. आदिवासी समाज आरोप है कि जमीन की रसीद में भी सब उल्टा-पुल्टा कर दिया गया है. इसी सिलसिले में बंधु तिर्की ने अधिकारियों की कार्यशैली से लेकर उनके एजुकेशन पर भी सवाल खड़ा कर दिया है. जिला में पहली बार किसी अधिकारी को भगाने के लिए आदिवासियों का जुटान हुआ है. जिसमें



आदिवासियों के विभिन्न संगठनों ने समर्थन किया और कर्रा के प्रखंड कार्यालय के गेट पर सीओ के खिलाफ सभा की और कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की कर्रा सीओ के खिलाफ धरना देने कर्रा पहुंचे.

यहां सीओ वंदना भारती द्वारा कर्रा के आदिवासी मूलवासी की जमीन के कागजों के साथ छेड़छाड़ कर दूसरे के नाम करने का आरोप लगाते हुए विरोध की शुरुआत हुई है. संयुक्त पड़हा संघ के बैनर तले शुक्रवार में कर्रा सीओ भगाओ-जमीन बचाओ को लेकर विशाल जुलूस सह धरना प्रदर्शन कर्रा में किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बंधु तिर्की सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने तीखे शब्दों में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सीओ खुद से कर्रा छोड़ कर चली जाएं तो बेहतर रहेगा, नहीं तो दोबारा आये तो जनता के साथ प्रखंड कार्यालय घुसेंगे और निकाल फेकेंगे.

ऐसी सीओ सरकार को बदनाम करती हैं. कर्रा क्षेत्र में जितनी भी जमीन हैं लगभग जमीनों पर गलत तरीके से उसकी बंदोबस्ती की गयी है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हुए बंदोबस्ती को रद्द करने के साथ साथ सीओ की संपत्ति की भी जांच और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, साथ ही सरकार से अनुरोध किया है कि ऐसे सीओ को कर्रा न भेजें. कर्रा सीओ पर अवैध रूप से जमीन में छेड़छाड़ करने व जमीन दलालों से मिलकर आदिवासी मूलवासी लोगों का जमीन लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सीओ ने जो काम किया वह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.बंधु तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्रा की सीओ वंदना भारती को कर्रा से जाना होगा. अबुआ सरकार को किसी भी हाल में कर्रा सीओ वंदना भारती को कर्रा से हटाना होगा. उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी सीओ दो, हमको न्याय दो, अंचल अधिकारी को तुरंत हटाना चाहिये.

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के मंथन शिविर का तीसरे दिन, मंत्रियों ने जिला अध्यक्षों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

रांची, एजेंसी। संगठन सृजन वर्ष 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 26 मार्च से रांची में कांग्रेस पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम का आयोजन कर रही है. इस मंथन कार्यक्रम के तीसरे दिन झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी और अन्य वरिष्ठ सदस्यों की बैठक हुई. इस मंथन बैठक में जिला अध्यक्ष भी शामिल हुए. इस बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू और मंत्रियों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम दरअसल राज्य में पार्टी संगठन को बनाने का कार्यक्रम है. उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस कोटे के चारों मंत्रियों के विभागों की योजनाओं की जानकारी सभी को दी गई है. अब सभी जिला कांग्रेस अध्यक्ष इन योजनाओं की जानकारी प्रखंड और पंचायत स्तर तक पहुंचाएंगे. उन्होंने कहा कि पार्टी ने अगले 3 महीने तक संगठन को मजबूत करने का टास्क भी दिया है. आज इस बात पर भी गहन मंथन हुआ कि ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को कैसे मजबूत किया जाए. बेरमो से कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के अनुभव का हमें लाभ मिलेगा. उन्होंने प्रदेश प्रभारी को कुशल संगठनकर्ता बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में राज्य में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा. वहीं कांग्रेस कोटे से हेमंत सरकार में कृषि एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज हम जो प्लानिंग कर रहे हैं, उसे जिला अध्यक्ष तक कैसे पहुंचाया जाए, इस पर गहन चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि संगठन और सक्रियता के बिना कोई भी संस्था मजबूत नहीं हो सकती. शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग की योजना से संगठन और आम लोगों को जोड़कर ही संगठन मजबूत होगा. कांग्रेस में लोकतंत्र है और चर्चा के दौरान जो भी सलाह या शिकायतें आई हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा. वहीं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमने विभाग के काम को जिला अध्यक्ष के साथ साझा किया है. हमारा संगठन सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए बेहतर तरीके से काम करेगा. इसी कारण विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और उसमें चल रहे कार्यों को जिला अध्यक्षों के साथ साझा किया गया है. दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचाया जा सके, इस पर चर्चा हुई है.

### चाईबासा में नक्सलियों के डंप में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, सुरक्षा बलों ने किया नष्ट

चाईबासा, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. टोंटो थाना क्षेत्र के जिमकिकिर गांव के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पूर्व से लगाए गए विस्फोटक व अन्य सामग्री को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है. नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इन विस्फोटकों को एक पुराने नक्सल डंप में छिपाकर रखा था. सुरक्षा के मद्देनजर बरामद विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की मदद से उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया. सुरक्षा बलों ने उस नक्सल डंप को भी ध्वस्त कर दिया. साथ ही अन्य विस्फोटक व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त कर ली. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता अपने दस्ते के सदस्यों के साथ विध्वंसक गतिविधियों के लिए सारंडा कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील हैं. इसको लेकर चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर लगातार अभियान चला रही है. कोल्हान में शीर्ष नक्सल नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ ??उपटन, जयकांत, रापा मुंडा मौजूद हैं. एसपी ने बताया कि वर्ष 2022 से लगातार गोईलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम कुइड़ा, छोटा कुइड़ा, मरादिरी, मेरालगाड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपैसांग, कटंबा, बयाहातू, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों में तथा टोंटो पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटोरब, गोबुरु, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में टोंटो थाना क्षेत्र के जंगल पहाड़ी इलाके में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के उग्रवादियों द्वारा हथियार और गोला-बारूद छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी. जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया. जहां सुरक्षा बलों ने एक पुराने नक्सली डंप से विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की.

# सिमडेगा में जंगली हाथियों का आतंक, तीन लोगों को कुचलकर ली जान

**सिमडेगा/गुमला, एजेंसी।** आक्रामक जंगली हाथियों ने बानो में अलग-अलग क्षेत्र में दो लोगों की जान ले ली। पहली घटना महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली की की है। वहीं, दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव की है। वहीं, गुमला में भी हाथी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। तीन लोग हाथी के हमले में घायल हो गए।



महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली में घर के बाहर सोए विकास ओहदार को जंगली हाथी ने कुचलकर जान ले ली। घटना गुरुवार रात करीब 12:30 बजे की है। घटना की जानकारी सुबह परिजनों और ग्रामीणों को हुई। घटना की जानकारी वार्ड सदस्य संदीप समद एवं बेड़ाइरगी पंचायत की मुखिया हेलेना कंडुलना को दी गई।

इसके बाद थाना और वन विभाग को भी इस घटना की सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मी मनीष और सुरेश टेटे घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 दस हजार रुपये दिए।

घटना की जानकारी होने पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने मामले की जानकारी ली और वन विभाग को मृतक के आश्रितों को जल्द सहायता करने का निर्देश दिया।

बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव में जंगली हाथी ने एक 45 वर्षीय महिला सिबिरया लुगुन को कुचलकर मार डाला। यह घटना शुक्रवार सुबह 6 बजे की है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला सुबह महुआ चुनने गई थी। इसी बीच महिला का हाथी से आमना-सामना हो गया और हाथी ने उसे कुचलकर मार डाला।

ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीण जंगली हाथी को भगाने के लिए जंगल में गए थे। इसी बीच महिला के शव को झाड़ी में देखा। इसके बाद वन विभाग की टीम को इस बारे में सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 हजार रुपये दी।

बानो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया है। आपको बता दें कि जंगली हाथियों ने तीन दिन के अंदर तीन लोगों की जान ली है, जिसके बाद से इलाके के लोग दहशत में हैं।

जंगली हाथियों ने दो की जान ली है, क्षेत्र में दो हाथी बताए जा रहे हैं। विभाग की टीम उन पर नजर रखे हुए है। एक की मौत एक दिन पूर्व जलडेगा क्षेत्र में हुई थी, वहां दूसरे हाथी ने घटना को अंजाम दिया था। लोग हाथी और भालू से सुरक्षा को लेकर सजग रहें। भालू भी खासकर सुबह और शाम में अधिक सक्रिय रहते हैं।

जिले के पालकोट प्रखंड के देवगांव चपाटौली गांव में हाथी ने हमला कर एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला, जबकि तीन लोगों को घायल कर दिया। घटना शुक्रवार सुबह पांच बजे की है।

जानकारी के अनुसार देवगांव निवासी खीस्तोफर एक्का उम्र 60 वर्ष सुबह 5 बजे पुआल लाने के लिए घर से निकले थे, तभी हाथी ने हमला कर दिया और उन्हें पटककर मार डाला।

इसरे बाद हाथी ने तीन और लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सभी घायलों के परिजनों को 5-5 हजार रुपये दिए गए हैं।

## झारखंड के निजी स्कूलों की मान्यता के लिए तय जमीन की शर्त में हो सकता है बदलाव, रामदास सोरेन ने दिया निर्देश

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीइ) की नियमावली में संशोधन किया जायेगा. इसके तहत निजी स्कूलों को मान्यता लेने के लिए नियमावली में तय भूमि की शर्त में बदलाव हो सकता है. इसे लेकर स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है. विभागीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया शुरू की है.

झारखंड में वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत स्कूलों की मान्यता के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल और ग्रामीण क्षेत्र में एक एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है. विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान शिक्षा मंत्री के समक्ष राज्य में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों का मामला रखा गया. शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को स्कूलों की मान्यता को लेकर आवश्यक शर्त की जानकारी दी गयी. बैठक में कहा गया कि निजी विद्यालयों को मान्यता देने के लिए शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल जमीन की शर्त रखी गयी है, जिसकी पूर्ति शहरी क्षेत्रों में संभव नहीं हो पा रही है. ग्रामीण क्षेत्र में भी जमीन को लेकर परेशानी हो रही है. ऐसे में शिक्षा मंत्री ने स्कूलों की मान्यता को लेकर आवश्यक जमीन की अहर्ता कम करने को लेकर कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखने का निर्देश दिया. राज्य में वर्ष 2011 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ था. फिर वर्ष 2019 में नियमावली में पहला संशोधन हुआ और अब दूसरा संशोधन हो सकता है.

झारखंड में बिना मान्यता के सबसे अधिक 5879 विद्यालय संचालित हैं. इन स्कूलों में 837879 बच्चे नामांकित हैं, जबकि 46421 शिक्षक कार्यरत हैं. देश में बिना मान्यता के सबसे अधिक निजी स्कूल झारखंड में संचालित किये जा रहे हैं. ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष देश भर में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की संख्या जारी की थी. जिसके बाद झारखंड में स्कूलों की मान्यता को लेकर पत्र जारी किया गया था.

झारखंड के निजी स्कूल संचालक काफी दिनों से जमीन की शर्त में बदलाव की मांग कर रहे हैं. इस संबंध में स्कूल संचालकों का कहना था कि इस शहरी क्षेत्र में 75 डिसमिल जमीन मिलना काफी मुश्किल है.

## साउथ बिहार एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी, खिड़की के टूटे कांच, बाल-बाल बचे यात्री

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला क्षेत्र में एक बार फिर ट्रेन पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। इस बार दुर्ग से आरा तक चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13287 को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया।



मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के पास इस ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई। इस हमले में बी-4 कोच की 71 नंबर बर्थ का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही ट्रेन राउरकेला रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी और बंडामुंडा स्टेशन में प्रवेश करने वाली थी, तभी अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई।

इससे एसी कोच के शीशे टूट गए और अंदर बैठे यात्री डर गए। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कुछ समय के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद स्थिति सामान्य हो गई।

घटना के बाद ट्रेन को सुरक्षा कारणों से कुछ देर के लिए रोका गया, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को जल्द ही आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

जब ट्रेन चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो क्षतिग्रस्त कोच के शीशे की मरम्मत की गई, जिसके बाद ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि बीते 48 घंटों में यह दूसरी बार है जब किसी ट्रेन को निशाना बनाया गया है। इससे पहले वंदे भारत एक्सप्रेस पर भी पत्थरबाजी की घटना हो चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं से यात्रियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

लगातार हो रही इन घटनाओं से रेलवे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही पत्थरबाजों की पहचान हो पाई है।

रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाएंगी, यह देखने वाली बात होगी। यात्रियों की मांग है कि रेलवे प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई करे और ट्रेन के सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए, जिससे यात्री बिना किसी डर के यात्रा कर सकें।

## चतरा के सिमरिया अस्पताल में नहीं मिली एम्बुलेंस की सुविधा, परिजनों ने जमकर काटा बवाल

**चतरा, एजेंसी।** जिले के सिमरिया रेफरल अस्पताल में एंबुलेंस नहीं मिलने से लोगों का गुस्सा भड़क गया. ग्रामीणों और घायलों के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. दरअसल, सिमरिया-टंडवा मुख्य मार्ग पर बाबा पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार कोयला वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी. इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए.



**आक्रोशितों ने जमकर किया हंगामा :** घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां इलाज के दौरान सिमरिया थाना क्षेत्र के हर्षनाथपुर निवासी 28 वर्षीय सुरभिल भुइंया की मौत हो गई.

वहीं, सदर थाना क्षेत्र के लेमखरी गांव निवासी मुकेश भुइंया और राकेश भुइंया की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग अस्पताल रेफर कर दिया. लेकिन सिमरिया रेफरल अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजनों को मजबूरन निजी वाहन से घायलों को हजारीबाग ले जाना पड़ा. एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से आक्रोशित लोगों ने सुरभिल भुइंया के शव के साथ सिमरिया मुख्य चौक को जाम कर दिया.

**दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा- पुलिस प्रशासन :** मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय, थाना प्रभारी प्रियेस प्रसून और मुखिया सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की और आश्वासन दिया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी. लंबी बातचीत और आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया.

अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा कि अस्पताल में एंबुलेंस न मिलने की शिकायत बेहद गंभीर है. उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों का कहना है कि सिमरिया जैसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव पहले भी कई बार जानलेवा साबित हुआ है. स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए अस्पताल में एंबुलेंस सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं.

## मार्च में ही तेवर दिखा रही गर्मी, तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार, हीट वेव की भी चेतावनी

**जमशेदपुर, एजेंसी।** प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है, आसमान से आग बरस रही है। शुक्रवार को प्रदेश के कई शहरों का तापमान बढ़कर 40 डिग्री पार कर गया। वहीं, दिनभर लू चली, जिसकी वजह से लोग काफी ज्यादा परेशान नजर आए। राजधानी रांची का तापमान भी 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।



दोपहर में चिलचिलाती धूप और लू की वजह से सड़कों पर भी लोग कम नजर आए। वहीं, जो लोग मौजूद थे, वे छाता और मुंह पर गमछा बांधे हुए थे।

मौसम विभाग के अनुसार, जमशेदपुर में बीते 24 घंटे में तापमान में 1.1 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गुरुवार को शहर का तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिन मौसम इसी तरह का बना रहेगा। वहीं, तापमान में भी ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। ऐसे में लोगों को सावधान व सतर्क रहने की जरूरत है। जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। अन्यथा घरों में ही रहें।

मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और गर्मी में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। इस मौसम में बच्चे और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चे स्कूल से आए तो उन्हें तत्काल ठंडा पानी नहीं दें। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को अलर्ट किया है। साथ ही, रोजाना गर्मी के संदिग्ध मरीजों की रिपोर्ट देने को कहा गया है।

अभी तक किसी अस्पताल से रिपोर्ट नहीं पहुंच रही है। ऐसे में जिला सर्विलांस विभाग ने फिर से सभी अस्पतालों को आगाह किया है।पलामू में शुक्रवार को मौसम साफ रहा, सुबह की शुरुआत हल्की हवाओं के बीच हुई, वहीं दोपहर को तेज धूप की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना कम हो गया है। आज पलामू का अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है।

## दुमका विधायक बसंत सोरेन की इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में रोजेदारों ने लिया भाग

**दुमका, एजेंसी।** रमजान माह के अंतिम जुम्मे के दिन दुमका में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया.जिसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए.

**इंडोर स्टेडियम में हुई इफ्तार पार्टी :** रमजान के अलविदा जुम्मा के अवसर पर दुमका के इंडोर स्टेडियम में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया. इसमें शिकारीपाड़ा के विधायक आलोक कुमार सोरेन के साथ जिले के सभी 10 प्रखंडों के सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की. रोजा खोलने से पूर्व सभी रोजेदारों ने दुमका सहित पूरे झारखंड के सभी लोगों के लिए अमन-चैन और आपसी भाईचारा बना रहे इसके लिए अल्लाह से दुआ मांगी.



**काफी संख्या में शामिल हुए रोजेदार :** तय समय पर रोजेदारों ने खजूर के साथ कई तरह के पकवान, मिठाई, फलों के साथ रोजा खोला. खास बात यह थी कि इस मौके पर दुमका के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे , एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के साथ प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे. साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने भी भाग लिया. विधायक के निमंत्रण पर काफी संख्या में हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी इफ्तार पार्टी में भाग लिया.

इस मौके पर दुमका विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि इस रमजान माह के इस पवित्र अवसर पर हम सभी ने एक साथ इफ्तार किया. उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव और भाईचारे के इस त्योहार पर हम अपने तमाम मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद देते हैं.

## श्रीराम कथा शुरू, राजन जी महाराज के शब्द सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो के सेक्टर चार मजदूर मैदान में गुरुवार को श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज नौ दिनों तक श्रद्धालुओं को राम कथा का रसपान कराएंगे। प्रथम दिन का भव्य आयोजन श्रद्धा व आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ। राजन जी महाराज ने कथा का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पावन नाम के स्मरण के साथ किया। कहा कि रामचरितमानस का श्रवण व्यक्ति के जीवन में काम, मद और दंभ को समाप्त करता है। उसे सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि श्रीराम कथा हमें केवल भक्ति का मार्ग ही नहीं दिखाती, बल्कि जीवन के हर रिश्ते में हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराती है। रामचरितमानस सिखाता है कि पुत्र, पिता, पत्नी और यहां तक कि शत्रु भी कैसा होना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने घर में रामचरितमानस रखने और प्रतिदिन उसका पाठ करने की सलाह दी। विशेष रूप से बच्चों को इससे जोड़ने की प्रेरणा दी।

### भक्ति में डूबी श्रद्धालु जनता

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो डीसी विजया जाधव, एसपी मनोज स्वर्गीयारी, डीटीओ वंदना सेजवलकर उपस्थित रहे। मुख्य संयोजक प्रेमचंद ने अतिथियों का स्वागत किया। कथा स्थल पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसास्वादन किया। राजन जी महाराज ने बताया कि कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को भगवान शंकर के विवाह के प्रसंग का वाचन होगा, जिसके उपरांत रामचरितमानस की कथा आगे बढ़ेगी।

## संयुक्त पड़हा संघ की ओर से खूंटी में कर्रा सीओ के खिलाफ आदिवासी समुदाय ने प्रदर्शन किया

**खूंटी, एजेंसी।** जिला में सीओ कर्रा के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है. आदिवासियों ने कहा कि हमको यह सीओ नहीं चाहिए. इस सीओ ने हमें जमीन के मामले में परेशान कर दिया है. उन्होंने सीओ को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.

आदिवासी समाज का कहना है कि जमीन के कागजों में किसी का सरनेम लेदा उरांव है तो किसी का लउआ मुंडा भी है, किसी का धांधु है तो किसी का साधु भी है. किसी का टाइटल होरो है, खाखा है. लेकिन यहां आए नए-नए अधिकारी तो सही से लिख भी नहीं पाते हैं, तिर्की को खिड़की लिखते हैं. यह हालत है इनकी, खुद गलत करते हैं और फिर कहते हैं कि नाम सुधारने के लिए प्रज्ञा केंद्र जाइये. आदिवासी समाज आरोप है कि जमीन की रसीद में भी सब उल्टा-पुल्टा कर दिया गया है. इसी सिलसिले में बंधु तिर्की ने अधिकारियों की कार्यशैली से लेकर उनके एजुकेशन पर भी सवाल खड़ा कर दिया है. जिला में पहली बार किसी अधिकारी को भगाने के लिए आदिवासियों का जुटान हुआ है. जिसमें



आदिवासियों के विभिन्न संगठनों ने समर्थन किया और कर्रा के प्रखंड कार्यालय के गेट पर सीओ के खिलाफ सभा की और कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की कर्रा सीओ के खिलाफ धरना देने कर्रा पहुंचे.

यहां सीओ वंदना भारती द्वारा कर्रा के आदिवासी मूलवासी की जमीन के कागजों के साथ छेड़छाड़ कर दूसरे के नाम करने का आरोप लगाते हुए विरोध की शुरुआत हुई है. संयुक्त पड़हा संघ के बैनर तले शुक्रवार में कर्रा सीओ भगाओ-जमीन बचाओ को लेकर विशाल जुलुस सह धरना प्रदर्शन कर्रा में किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बंधु तिर्की सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने तीखे शब्दों में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सीओ खुद से कर्रा छोड़ कर चली जाएं तो बेहतर रहेगा, नहीं तो दोबारा आये तो जनता के साथ प्रखंड कार्यालय घुसेंगे और निकाल फेकेंगे.

ऐसी सीओ सरकार को बदनाम करती है. कर्रा क्षेत्र में जितनी भी जमीन हैं लगभग जमीनों पर गलत तरीके से उसकी बंदोबस्ती की गयी है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हुए बंदोबस्ती को रद्द करने के साथ साथ सीओ की संपत्ति की भी जांच और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, साथ ही सरकार से अनुरोध किया है कि ऐसी सीओ को कर्रा न भेजें. कर्रा सीओ पर अवैध रूप से जमीन में छेड़छाड़ करने व जमीन दलालों से मिलकर आदिवासी मूलवासी लोगों का जमीन लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सीओ ने जो काम किया वह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.बंधु तिर्की ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्रा की सीओ वंदना भारती को कर्रा से जाना होगा. अबुआ सरकार को किसी भी हाल में कर्रा सीओ वंदना भारती को कर्रा से हटाना होगा. उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र में आदिवासी सीओ दो, हमको न्याय दो, अंचल अधिकारी को तुरंत हटाना चाहिए.



# बिना किसी डिग्री के भी इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**आज का समय स्किल का है और इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास किसी चीज की डिग्री हो ही। अगर आप ज्यादा पढ़ाई नहीं की हैं, तो भी आप आगे बताए गए क्षेत्रों में अपना करियर चुन सकती हैं।**

आजकल स्किल का दौर है। इसमें बिना डिग्री के भी करियर बनाने के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं। जरूरी नहीं कि डिग्री हमेशा सफल करियर की ही गारंटी हो। ये पहले का समय था जब बिना नॉलेज वालों को भी डिग्री के बल बूते पर नौकरी मिल जाती है। हालांकि आज के समय में ऐसा नहीं है। जिस भी व्यक्ति के पास किसी तरह का कोई भी स्किल हो तो आज वह अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। जी हां, अब कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां आप बिना डिग्री के भी सफल हो सकते हैं। इसके लिए हमने यहां पर कुछ क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जिसके जरिए बिना डिग्री के भी करियर बनाया जा सकता है।

## फोटोग्राफी में करियर?

यदि आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप इसे पेशेवर रूप से भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो इ स्किल को और बेहतर बनाने के लिए आप ऑनलाइन कोर्स या वर्कशॉप के माध्यम से फोटोग्राफी सीख सकते हैं। इसके बाद बतौर फोटोग्राफर आप कहीं भी काम कर सकते हैं। आज के समय में तो लोग हर छोटी से छोटी फंक्शन की भी शूटिंग कराते हैं। ऐसे मौके पर आपकी स्किल काम आ सकती है। इससे लिए आपको अच्छी पेमेंट भी मिल सकती है। आप चाहें तो धीरे-धीरे करके अपनी स्टूडियो भी ओपन कर सकते हैं।

## एक्टिंग में बनाएं करियर?

अगर आपको एक्टिंग करने का शौक है, तो आप अपने टैलेंट को सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचा सकती हैं। इससे आप इंफ्लूएंसर की तरफ अपना रुख कर सकती हैं। आपको व्यूअर्स पसंद करेंगे, तो आपके फॉलोअर्स बढ़ेंगे। साथ ही, आपको सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से फिर पेमेंट आने भी शुरू हो सकते हैं। इसके अलावा, आप घर बैठे एक्टिंग सिखाने की क्लासेस भी शुरू कर सकती हैं।

## पेंटिंग में बनाएं करियर

अगर आपके अंदर पेंटिंग की स्किल है, तो आप इसमें बेहतर करियर बना सकती हैं। खास बात यह है कि इसके लिए आपको किसी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होगी। आप अपनी पेंटिंग बनाकर बेच सकती हैं। आपकी अच्छी पेंटिंग्स लाखों-करोड़ो रुपए में भी बिक सकती हैं। इससे आपको अपना आर्ट निखारने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑनलाइन या ऑफलाइन पेंटिंग लर्निंग क्लासेस भी ले सकती हैं। ऑफलाइन क्लास में आपको महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे। वहीं, ऑनलाइन में भी आप पेड क्लासेस ले सकती हैं। इससे आपको डबल फायदा हो सकता है।





# पाना चाहते हैं सरकारी नौकरी ...तो भारत में होने वाली इन परीक्षाओं की करें तैयारी

**सरकारी नौकरी की चाहत भारत में हर कोई रखता है। लोग सालों साल इनकी तैयारियों में लगे रहते हैं। सरकारी नौकरी पाने के बाद मानो लोगों के दिन बदल जाते हैं, जिस कारण देश की आबादी के लगभग 80 से 85 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे रहते हैं। अगर आप यूपी और बिहार से हैं तब तो सरकारी नौकरी का महत्व आपसे बेहतर कोई नहीं समझता होगा।**

जैसा की आपको पता है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कई एग्जाम देने होते हैं, अगर आपने एग्जाम क्वालीफाई किया तभी आप उस नौकरी को पा सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप किन एग्जाम को देकर सरकारी नौकरी पा सकते हैं।

## बैंक पीओ

अगर आप किसी सरकारी बैंक में काम करना चाहते हैं, तब आप बैंक पीओ के एग्जाम के जरिए सरकारी बैंक में काम कर सकते हैं। कुछ साल बैंक में पीओ के पद पर काम करने के बाद आपको असिस्टेंट मैनेजर का पद मिल जाता है, जिसके कुछ समय बाद आपको मैनेजर का पद भी मिल सकता है। इस पेपर को निकालने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग आनी चाहिए। इस पेपर में बैठने से पहले आपको जमकर मैथ्स और रीजनिंग की तैयारी कर लेनी चाहिए।

## एसएससी सीजीएल

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लगभग हर छात्र को एसएससी सीजीएल के विषय में जानकारी होती है। यह एग्जाम स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा लिया जाता है, जिसमें मेरिट के हिसाब से अलग-अलग मिनिस्ट्री में सरकारी नौकरी मिलती है। इस पेपर में 1 से लेकर 4 टियर होते हैं, एग्जाम क्वालीफाई करने के लिए आपको चारों टियर पास करने होते हैं। एसएससी के पेपर में आपको जनरल अवेयरनेस, रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और इंग्लिश कांप्रीहेंशन और मैथ्स के सवाल भर-भरकर मिलते हैं।

## आरबीआई ग्रेड बी

आरबीआई को भारत की एपेक्स बैंक कहा जाता है, जो अन्य सरकारी बैंकों को सुचारू रूप से चलाने का काम करती है। आप आरबीआई ग्रेड बी का एक्जाम देकर भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। इस एग्जाम को निकालने के लिए आपको रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, इंग्लिश लैंग्वेज और जनरल अवेयरनेस को अच्छे से तैयार करना होता है। अगर आप यह एग्जाम क्लियर करते हैं तो आपको आरबीआई ऑफिसर के पद पर काम करने का मौका मिलता है, जिसके बाद आप प्रमोशन पाकर डिप्टी गवर्नर भी बन सकते हैं। इस नौकरी में सबसे ऊंची पोस्ट गवर्नर की होती है, जहां तक बहुत कम लोग पहुंच पाते हैं।

## सीडीएस

यह एग्जाम यूपीएससी द्वारा ही लिया जाता है। अगर आप आर्मी में ऊंचे पदों पर जाना चाहते हैं तो इस एग्जाम को क्वालीफाई करके जा सकते हैं। इस एग्जाम को पास करने के बाद आप इंडियन मिलिट्री अकादमी, इंडियन नेवल अकादमी, ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी और इंडियन एयर फोर्स अकादमी में जा सकते हैं। इस एग्जाम के लिए आपको इंग्लिश, जनरल नॉलेज और एलिमेंट्री मैथ की अच्छी नॉलेज होनी चाहिए।

## स्टेट पीसीएस

स्टेट पीसीएस का सिलेबस यूपीएससी से थोड़ा सा कम मुश्किल होता है, तो अगर आप यूपीएससी की तैयारी करते हैं तो इस परीक्षा में भी बैठ सकते है। इस परीक्षा को स्टेट सर्विस कमीशन के द्वारा कराया जाता है, जिसमें हर राज्य का एग्जाम पैटर्न अलग-अलग होते हैं। बाकी जानकारी के लिए आप किसी भी राज्य की स्टेट सर्विस कमीशन की ऑफिशियल साइट पर भी जा सकते हैं।

## सीएपीएफ

आपको बता दें की यह एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है, जिसे क्वालीफाई करने के बाद आप अलग-अलग आर्मी फोर्स में जा सकते हैं। इस एग्जाम से आप सीधे असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर जाते हैं।

## एलआईसी

एलआईसी का नाम तो हम सभी ने सुना है, आप इसका एग्जाम क्वालीफाई करके भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। यह एक नेशनल लेवल एग्जाम होता है, जिसे पास करने के बाद आप एलआईसी में ऊंचे पदों पर काम कर सकते हैं। इस परीक्षा का सिलेबस अन्य परीक्षाओं के जैसा ही होता है, इसलिए अगर आप किसी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहें हैं तो इसके इग्जाम में भी बैठ सकते हैं।

## यूजीसी नेट

अगर आप शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको यूजीसी नेट की परीक्षा देनी होगी। यूजीसी नेट एग्जाम क्वालीफाई करने के बाद आपकी आगे की रीसर्च की फंडिंग भी की जाती है। ज्यादा जानकारी के लिए आप यूजीसी की साइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं।





# एक साथ दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं, तो एक जॉब को इस तरह करें सेलेक्ट

**अगर आपने जॉब के लिए कई जगह इंटरव्यू दिया था और आपने दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं। तो ऐसे में आप उनमें से किसी एक जॉब को इन टिप्स को अपनाकर सलेक्ट करें।**

जीवन में तरक्की पाने के लिए एक अच्छी नौकरी पाने की इच्छा तो हम सभी की होती है। इसलिए, हम अलग-अलग कंपनियों में जॉब के लिए इंटरव्यू देते हैं। अक्सर हम सभी सिर्फ एक कंपनी में रिज्यूमे नहीं देते हैं, बल्कि हर अच्छी कंपनी में काम करने के लिए अवसर तलाश करते हैं। इंटरव्यू देने के बाद उसके रिप्लाई को आने में कुछ वक्त लग जाता है। अगर आप इंटरव्यू क्लीयर कर लेते हैं तो यकीनन बेहद खुशी होती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर, अगर एक साथ दो कंपनियों से जॉब ऑफर होते है तो यह स्थिति थोड़ी दुविधाजनक हो जाती है। इस स्थिति में यकीनन आपके लिए यह तय कर पाना मुश्किल होता है कि आप किस जॉब ऑफर को एक्सेप्ट करें और किसे रिजेक्ट। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में उलझी हुई हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने लिए एक परफेक्ट जॉब को सलेक्ट कर सकते हैं-

## लॉन्ग टर्म के बारे में सोचें

जब आप किसी जॉब ऑफर को हां कहने जा रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लॉन्ग टर्म करियर के बारे में सोचना चाहिए। यूं तो जॉब को जल्दी भी स्विच किया जा सकता है, लेकिन जब आप एक कंपनी में जुड़ते हैं तो लंबे समय तक काम करना काफी अच्छा रहता है। इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज भी बेहतर होती है। इसलिए, किसी भी जॉब को सलेक्ट करने से पहले आपको यह देखना चाहिए कि लॉन्ग टर्म में आपको इस जॉब में आगे बढ़ने के कितने अवसर मिलेंगे।

## काम और पर्सनल लाइफ पर करें गौर

हर जॉब की अपनी अलग जरूरतें होती हैं और इसलिए जब आप किसी जॉब को सलेक्ट करें तो यह देखें कि आपका काम आपकी पर्सनल लाइफ को किस तरह इफेक्ट कर रहा है। यकीनन आप अपने करियर में बेहतर ग्रोथ चाहती हैं लेकिन इसके लिए आपकी पर्सनल लाइफ डिस्टर्ब नहीं होनी चाहिए। इसलिए, जब भी आप किसी जॉब ऑफर को सलेक्ट करें तो यह अवश्य देखें कि आपकी ऑफिस टाइमिंग, काम व वर्क प्रोफाइल आपके पर्सनल लाइफ पर किस तरह असर डालेगा।

## सिर्फ सैलरी पर ही ध्यान ना दें

जब हमे दो जॉब के ऑफर मिलते हैं तो यकीनन हमारा सबसे पहला फोकस सैलरी पर ही होता है। यकीनन सैलरी किसी भी जॉब सलेक्शन में एक अहम भूमिका निभाती है। लेकिन सिर्फ सैलरी पर ही फोकस करके आप एक गलत डिसिजन ले सकती हैं। किसी भी जॉब को सलेक्ट करते समय आपको अपने काम, ऑफिस टाइमिंग, ऑफिस से घर की दूरी, पिकअप और ड्रॉप की फैसिलिटी जैसी अन्य कई छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। इससे आपके लिए काम की जगह पर अधिक कंफर्टेबल फील होगा।

## ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें

यूं तो किसी भी ऑफिस के माहौल के बारे में आप तभी जान पाती हैं, जब आप उस ऑफिस में काम करती हैं। लेकिन अगर आपको एक साथ दो जगह से जॉब ऑफर हुई है तो कोशिश करें कि आप उन दोनों कंपनी व ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें। मसलन, अगर आपका कोई जानकार उस ऑफिस में काम कर चुका है तो आप उनसे ऑफिस की खूबियों व खामियों के बारे में जानने की कोशिश करें। इसके अलावा, आप यह देखें कि उस ऑफिस में ज्वॉइन करने के बाद लोग कितने लंबे समय तक वहां पर काम करते हैं या फिर उस कंपनी में लोग जल्दी-जल्दी जॉब छोड़ते हैं। इस तरह आपको यह समझने में आसानी होगी कि उस ऑफिस में काम करना आपके लिए कितना सही है। इससे आप एक अधिक सटीक निर्णय ले पाएंगी।




**अक्सर लोग नौकरी न मिलने पर ऐसे स्कैमर के चक्कर में फंस जाते हैं जो आपके सपनों की नौकरी को दिलाने का वादा करते हैं। हाल ही में ऐसे कई स्कैम हुए हैं जिसमें नौकरी के लालच में लोग बुरी तरह फंस चुके हैं।**

# ऑनलाइन जॉब ढूंढ रहे हैं तो हो जाएं सावधान...

आजकल लोग नौकरी के लिए ऑनलाइन कई कंपनियों में अप्लाई करते हैं। ऐसे में लोगों के साथ स्कैम बहुत अधिक होने की संभावना होती है। जॉब देने की आड़ में स्कैमर्स लोगों से लाखों पैसे ले लेते हैं और लोग उनके जाल में बुरी तरह फंस जाते हैं। सोशल मीडिया की मदद से किसी कंपनी भी में अप्लाई करने पर स्कैम भी बहुत अधिक हो रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि आप कैसे इन ऑनलाइन स्कैम से बच सकती हैं।

## सोशल मीडिया पर करते हैं पोस्ट

इंस्टाग्राम पर या फेसबुक ऐसे कई पेज हैं जो जॉब वेकेंसी के बारे में पोस्ट करते रहते हैं। फेक अकाउंट जब नौकरी की वेकेंसी पोस्ट करते हैं तो वह एक फॉर्म की लिंक को भी अटैच कर देते हैं। इसमें वह निर्देशों का पालन करते हुए डिटेल्स को फिल करने के लिए जानकारी भी देते हैं। उसके बाद ऑनलाइन भुगतान के लिए भी कहा जाता है। ऐसे में आपको सतर्क रहना बहुत जरूरी है। जब भी आप ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉर्म भरें तो आपको कंपनी के वेबसाइट पर जाकर यह जरूर चेक करना चाहिए कि कंपनी में कोई वेकेंसी निकली भी है या नहीं। इसके अलावा आपको फॉर्म भरने पर अपने बैंक की डिटेल्स और पैसे का भुगतान नहीं करना चाहिए।

## विदेश में नौकरी का लालच

देश में नौकरी के अलावा कई बार लोग विदेशों में भी नौकरी लेने के लालच में बुरी तरह फंस जाते हैं। जालसाज लोगों को पैसे लेकर विदेशों में नौकरी करने के लिए भेज देते हैं जहां उन्हें बंधक तक बना लिया जाता है। ऐसे में नौकरी पाने के लिए किसी भी अनजान लोगों के झांसे में ना आएं और साथ ही अच्छे से जॉब के बारे में चेक करने के बाद ही कोई कदम उठाएं।

## कैसे रहें सुरक्षित?

जब सोशल मीडिया पर कोई फेक जॉब पर पोस्ट शेयर की जाती है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विलकबेट हेडलाइन्स से लोगों को लुभाते हैं और पैसा लेकर गायब हो जाते हैं। आपको कंपनी का नाम ऑनलाइन सर्च भी देखना चाहिए और उस कंपनी से जुड़े हुए कॉन्टैक्ट मिले तो कॉल करके वेकेंसी के बारे में जरूर पूछना चाहिए। जब भी आप जॉब पोस्ट को देखें तो उसमें कोई ग्रामेटिकल मिस्टेक अगर आपको नजर आती है तो हो सकता है कि वह पोस्ट फेक हो क्योंकि अक्सर स्कैमर्स ज्यादा पढ़े नहीं होते और अंग्रेजी लिखने में गलती भी कर देते हैं इसलिए आपको इस बात का ध्यान रखते हुए ही सोशल मीडिया पर जॉब के लिए अप्लाई करना चाहिए।

# देश में बैंकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

● उनका कहना है कि बैंकों के पास डिपॉजिट कम होती जा रही है ● यह स्थिति देश के बैंकिंग बिजनस मॉडल के लिए खतरा बन जाएगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की अगले कुछ दिनों में मीटिंग होने वाली है। माना जा रहा है कि इसमें रेपो रेट में फिर कटौती हो सकती है। इस बीच एशिया के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक ने बैंकों के सामने आ रही एक बड़ी समस्या के बारे में बताया है। उन्होंने कहा है कि बैंकों के पास जमा राशि कम होती जा रही है। इससे बैंकों को नुकसान हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कम लागत वाली रिटेल जमा की वृद्धि धीमी होने से, बैंक महंगे बल्क डिपॉजिट का सहारा ले रहे हैं और नेगेटिव मार्जिन पर उधार दे रहे हैं।

कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अगर डिपॉजिट की कमी जारी रहती है, तो यह बैंकिंग बिजनस मॉडल के लिए खतरा बन जाएगी। इसका मतलब है कि अगर बैंकों के पास जमा करने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होंगे, तो उनका काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़े बैंक अभी 8 प्रतिशत ब्याज दर पर थोक जमा स्वीकार कर रहे हैं, जिससे मामूली जमा लागत 9 प्रतिशत से अधिक हो जाती है। इसका मतलब है कि बैंकों को थोक जमा पर 8 प्रतिशत ब्याज देना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है।

### क्या है समस्या

उन्होंने बताया कि बल्क डिपॉजिट पर 8 प्रतिशत के अलावा और भी खर्चे हैं। जैसे कि सीआरआर (कैश रिजर्व रेशियो)। सीआरआर का मतलब है कि बैंकों को अपनी जमा राशि का कुछ हिस्सा रिजर्व बैंक के पास रखना होता है, जिस पर उन्हें कोई ब्याज नहीं मिलता। इसके अलावा, एसएलआर (स्टैचुटरी लिक्विडिटी रेशियो), डिपॉजिट इंश्योरेंस और प्रायोरिटी सेक्टर के लक्ष्य भी हैं। एसएलआर का मतलब है कि बैंकों को अपनी जमा राशि का कुछ हिस्सा सरकारी बॉन्ड में निवेश करना होता है। डिपॉजिट इंश्योरेंस का मतलब है कि अगर बैंक डूब जाता है, तो जमाकर्ताओं को उनकी जमा राशि का कुछ हिस्सा वापस मिल जाएगा। प्रायोरिटी सेक्टर के लक्ष्य का मतलब है कि बैंकों को अपनी लोन का कुछ हिस्सा कुछ खास सेक्टरों को देना होता है। इनमें कृषि और छोटे बिजनस शामिल हैं। कोटक ने कहा कि इन खर्चों के बावजूद बैंक 8.5 प्रतिशत की फ्लोटिंग रेट पर होम लोन दे रहे हैं, जबकि उनकी उधार लागत 9 प्रतिशत है। इससे उन्हें 0.5 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। इसका मतलब है कि बैंक होम लोन पर जितना ब्याज ले रहे हैं, उससे ज्यादा उन्हें उधार लेने पर देना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे बैंकिंग सिस्टम में रिटेल डिपॉजिट धीरे-धीरे बढ़ रही है और रेपो रेट के और गिरने की उम्मीद है। रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक बैंकों को उधार देता है। इससे लागत और उधार दरों को मैनेज करने की चुनौती बनी रहेगी। यानी बैंकों के लिए अपनी लागत को कम रखना और उधार दरों को बढ़ाना मुश्किल होगा। ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अप्रैल में पॉलिसी रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती हो सकती है। इससे पहले फरवरी में इसे घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया गया था। कोटक 1 अगस्त 2002 से 1 सितंबर 2023 तक कोटक महिंद्रा बैंक के एमडी एंड सीइओ रहे। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 16.2 अरब डॉलर है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 129वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 2.28 अरब डॉलर की तेजी आई है।

# सिंधिया बोले: दूरसंचार तकनीक बनाने में टॉप 5 देशों में भारत

**बीएसएनएल देश में लगाएगा एक लाख स्वदेशी 4जी टावर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो गया है, जिनके पास अपनी दूरसंचार तकनीक है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत से पहले यह तकनीक सिर्फ चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के पास है। हमारा लक्ष्य भारत के वैश्विक 6जी मानकों में कम-से-कम 10 फीसदी योगदान देना है।



सिंधिया ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा, दुनियाभर में दूरसंचार कंपनियों का विलय हो रहा है। लेकिन, हमारे यहां चार कंपनियां हैं। 2014 में देश में 90 करोड़ मोबाइल ग्राहक थे। आज यह संख्या 1.2 अरब से ज्यादा हैं। तब 25 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े थे और अब 97 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। 2014 में 6 करोड़ लोगों के पास ब्रॉडबैंड इंटरनेट था, जिनकी संख्या आज 94 करोड़ पहुंच गई है। यह अमेरिका की कुल आबादी से ज्यादा है। मंत्री ने कहा, भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) देशभर में ऐसे एक लाख स्वदेशी 4जी मोबाइल टावर लगा रही है, जिन्हें 5जी में बदला जाएगा। यह काम जून तक पूरा हो जाने की उम्मीद है। यह आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत किया जा रहा है।

सिंधिया ने बताया, सरकार की ओर से डायरेक्ट-टू-डिवाइस (डीटीडी) सैटेलाइट मैसेजिंग सेवाएं शुरू की गई हैं। इस तकनीक में स्मार्टफोन से तब भी मैसेज भेजे जा सकते हैं, जब वह नेटवर्क से कनेक्ट न हो। तब कनेक्टिविटी सीधे सैटेलाइट से मिलने लगती है, न कि मोबाइल टावर से। हमारे पास 100 5जी टेस्ट बेड, 6जी टेस्ट बेड और भारत 6जी अलायंस है, जो अमेरिका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ सहयोग कर रहा है।

स्टारलिंक के अलावा कई कंपनियां लाइन में

दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत में उपग्रह संचार सेवाएं शुरू करने के लिए न सिर्फ एलन मस्क की स्टारलिंक ने आवेदन किया, बल्कि कई अन्य कंपनियों ने भी रुचि दिखाईहै।उपग्रह सेवाएं मौजूदा संचार नेटवर्क की पूरक होंगी।ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करने में मदद करेंगी। सिंधिया ने कहा, हमने उपग्रह संचार सेवाओं के लिए पहले ही दो कंपनियों को लाइसेंस दे दिए हैं। एक रिलायंस को और दूसरा भारती एयरटेल को।

**44 अरब में खरीदा और 33 अरब में बेच दिया...**

# मस्क ने एक्स को अपनी ही एआई कंपनी को बेच दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स यानी ट्विटर को अपनी ही एआई कंपनी एक्सएआई को बेच दिया है। यह डील पूरे 33 अरब डॉलर में हुई है। यह डील शेयरों में हुई है। मस्क ने कुछ साल पहले ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। इसके बाद उन्होंने एक्स को प्राइवेट कंपनी बना दिया था। दोनों ही कंपनियां प्राइवेट हैं। इसलिए उन्हें अपनी कमाई के बारे में सबको बताने की कोई जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। मस्क ने लिखा कि इस कदम से एक्सएआई की एआई तकनीक और एक्स के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा। इस डील में एक्सएआई की वैल्यू 80 बिलियन डॉलर और एक्स की वैल्यू 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह टेस्ला और स्पेक्स के सीइओ हैं और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार भी हैं। उन्होंने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। फिर उन्होंने कंपनी के कई कर्मचारियों को निकाल दिया। साथ ही, हेट स्पीच, गलत जानकारी और यूजर वेरिफिकेशन से जुड़े नियमों में भी बदलाव किए। इसके बाद ट्विटर का नाम बदलकर एक्स कर दिया गया। मस्क ने एक्सएआई को 2023 में शुरू किया था।



### क्या होगा फायदा

मस्क ने एक्स पर लिखा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। आज, हम डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग पावर, डिस्ट्रीब्यूशन और टैलेंट को मिलाने का कदम उठा रहे हैं। इस मेल से एक्सएआई की एआई क्षमता और एक्स के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा।

# ट्रंप के टैरिफ से पहले अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल को भारी राहत! घट गया जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी गूगल पर लगाए गए जुर्माने को घटा दिया। कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने गूगल पर प्ले स्टोर पॉलिसी के जरिए अपनी दबदबे वाली स्थिति का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। एनसीएलएटी ने सीसीआई के फैसले को सही तो माना, लेकिन जुर्माने की रकम 936.44 करोड़ रुपये से घटाकर 216 करोड़ रुपये कर दी। एनसीएलएटी ने शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा आयोग सीसीआई के इस निष्कर्ष को बरकरार रखा कि कंपनी की ऐप स्टोर नीति डेवलपरों के लिहाज से अनुचित और प्रतिबंधात्मक है। हालांकि एनसीएलएटी ने सीसीआई की तरफ से गूगल पर लगाए गए 936.44 करोड़ रुपये के जुर्माने में भारी कटौती कर 216 करोड़ रुपये कर दिया। एनसीएलएटी ने 104 पन्नों के अपने आदेश में कहा कि गूगल ने बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग किया है और कानून की धारा का उल्लंघन किया है।




हालांकि इसने यह भी कहा कि विभिन्न मापदंडों के आधार पर मोबाइल ऐप्स से 15 से 30 प्रतिशत सेवा शुल्क वसूलने में गूगल ने कोई उल्लंघन नहीं किया था। ट्रिब्यूनल के प्रमुख न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ धाराओं में गूगल का उल्लंघन साबित नहीं हुआ, लेकिन उल्लंघन के सबूत पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

### दूसरे ऐप से भेदभाव

अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह भी कहा है कि गूगल भारत में यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा देने वाले दूसरे ऐप के साथ कोई भेदभाव नहीं करेगा। हालांकि इसने सीसीआई के उस निर्देश को दरकिनार कर दिया जिसमें गूगल को अपने प्लेटफॉर्म पर एकत्र किए जाने वाले डेटा, ऐसे डेटा के उपयोग और डेटा को साझा किए जाने पर एक स्पष्ट और पारदर्शी नीति निर्धारित करने को कहा गया था।

### जुर्माना घटाया

एनसीएलएटी ने कहा कि चूंकि गूगल ने पहले ही वर्तमान अपील में जुर्माने का 10 प्रतिशत जमा कर दिया है, लिहाजा उसे जुर्माने की शेष राशि आज से 30 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। इससे पहले 25 अक्टूबर, 2022 को प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल पर अपने प्ले स्टोर से जुड़ी नीतियों के संबंध में अपनी प्रमुख बाजार स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए 936.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इस फैसले को अल्फाबेट इंक और गूगल ने एनसीएलएटी के समक्ष चुनौती दी थी। एनसीएलएटी ने अपने फैसले में सीसीआई के उस निर्देश को बरकरार रखा है कि गूगल ऐप डेवलपरों को ऐप से खरीदारी या ऐप को खरीदने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष की बिलिंग/ भुगतान प्रसंस्करण सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति देगा। इसके अलावा गूगल ऐप डेवलपरों पर कोई एंटी-स्टीयरिंग प्रावधान नहीं लगाएगा और उन्हें अपने ऐप एवं पेशकशों को बढ़ावा देने के लिए उपयोगकर्ताओं के साथ संवाद करने से नहीं रोकेगा।

# पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी

## रुपये की जोरदार वापसी, डॉलर के मुकाबले 6 साल की सबसे बड़ी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों की वापसी के बाद रुपये ने गिरावट को पीछे छोड़ते हुए जोरदार वापसी की है।मार्च में भारतीय रुपये में डॉलर की तुलना में छह साल की सबसे बड़ी मासिक तेजी देखने को मिली।इस दौरान यह 2.17 फीसदी बढ़कर 85.50 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले नवंबर, 2018 में रुपये में पांच फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी रही थी। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को 24 पैसे बढ़त में बंद हुई।

आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में रुपया दो फीसदी से अधिक टूट गया है।2 अप्रैल, 2024 को यह डॉलर की तुलना में 83.42 पर था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया, पूंजी बाजार में विदेशी निवेशकों की मार्च में वापसी हुई है। इससे घरेलू मुद्रा में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। पिछले छह लगातार कारोबारी सत्रों में विदेशी निवेशकों ने 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय




बाजार में भारतीय मुद्रा 85.64 के स्तर पर खुली। दिन के कारोबार के दौरान इसने 85.40 का उच्चतम स्तर और 85.70 का निम्नतम स्तर छुआ।

## इस महीने सिर्फ 3,973 करोड़ रुपये की निकासी

मार्च के पहले और दूसरे सप्ताह तक शेयर बाजार में भारी बिकवाली करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अब निकासी बंद कर दी है। इस वजह से इस महीने में घरेलू बाजार से सिर्फ 3,973 करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इससे पहले जनवरी में 78,027 करोड़ व फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये निकाले थे। इस तरह, चालू कैलेंडर वर्ष में जनवरी से अब तक 1.16 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई है।

## सोना नए शिखरपर, एक साल में 35 प्रतिशत महंगा

विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में तेजी के बीच घरेलू बाजार में सोना पहली बार 92,000 के पार पहुंच गया।लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुएसोना शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में 1,100 रुपये महंगा होकर 92,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के नएशिखर पर पहुंच गया।चांदी 1,300 रुपये महंगी होकर 1,03,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत 19 मार्च, 2025 को 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। सोना चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 23,730 रुपये या 35 फीसदी महंगा हुआ है।एक अप्रैल, 2024 को यह 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप के वाहन आयात शुल्क और यूरोपीय संघ-कनाडा के खिलाफ टैरिफ को लेकर चेतावनी ने सुरक्षित निवेश की मांग को तेज कर दिया। वैश्विक स्तर पर तनाव और केंद्रीय बैंक की मजबूत खरीद के कारण इस महीने सोने की कीमतों में करीब 8.2 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# सिर्फ 1 लाख से शुरू किया काम

**अब महीने में 1 लाख का टर्नओवर**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई के 69 वर्षीय विद्याधरन नारायणन शहरी किसान हैं। उन्होंने सिर्फ एक लाख रुपये की पूंजी से अपना काम शुरू किया था। इसके लिए विद्याधरन ने ऑर्गेनिक माइक्रोग्रीन्स उगाने की यूनिट लगाई।

300 वर्ग फीट के सेटअप से यह शुरुआत हुई। अब इससे लगभग 1 लाख रुपये का मासिक टर्नओवर है। कम खर्च के कारण उन्हें 60,000 से ज्यादा का मुनाफा होता है। 2014 में सामाजिक क्षेत्र में लगभग तीन दशक बिताने के बाद विद्याधरन ने माइक्रोग्रीन्स की खेती शुरू की।

कम निवेश में टिकाऊ और ऑर्गेनिक खेती करने के लिए उन्होंने माइक्रोग्रीन्स को चुना। माइक्रोग्रीन्स बहुत छोटे पौधे होते हैं जिन्हें उगने के सात से नौ दिनों के भीतर काट लिया जाता हैं। ये अपने पोषक तत्वों और स्वाद के लिए जाने जाते हैं। आइए, यहां विद्याधरन नारायणन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**2014 में शुरू की माइक्रोग्रीन्स की खेती-** विद्याधरन नारायणन ने 2014 में माइक्रोग्रीन्स की खेती शुरू की। उन्होंने यह काम सामाजिक क्षेत्र में 30 साल बिताने के बाद शुरू किया। वह कम लागत में टिकाऊ और ऑर्गेनिक खेती करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने माइक्रोग्रीन्स उगाने का फैसला किया। माइक्रोग्रीन्स छोटे पौधे होते हैं। इन्हें उगने के 7 से 9 दिन बाद काट लिया जाता है। ये बहुत पौष्टिक होते हैं। इनमें अच्छा स्वाद होता है।

**25 वर्ग फीट की जगह से शुरुआत-**

विद्याधरन ने अपने घर में 25 वर्ग फीट की जगह से शुरुआत की। उन्होंने सरसों, मेथी और ब्रोकली जैसी आम किस्मों के साथ प्रयोग किया। विद्याधरन नारायणन ने अपनी फसल पास के होटलों में बेची। 2017 तक उन्होंने अपने घर के अंदर 100 वर्ग फीट जगह में खेती शुरू कर दी। बाद में उन्होंने 1 लाख रुपये से कम में 300 वर्ग फीट का ग्रीन नेट शेड बनाया।

- **3,000 रुपये किलो तक कीमत-** विद्याधरन वर्मीकम्पोस्ट का इस्तेमाल करके माइक्रोग्रीन्स उगाते हैं। वह मूली, चुकंदर, पत्ता गोभी, फूलगोभी और ग्रीन टी की चार किस्मों सहित कई प्रकार के माइक्रोग्रीन्स पैदा करते हैं। हर हफ्ते लगभग 15 किलो (महीने में 60 किलो) फसल काटते हैं। इनकी कीमत 1,200 रुपये से 3,000 रुपये प्रति किलो तक होती है। यह कीमत माइक्रोग्रीन्स की किस्म पर निर्भर करती है। उनके ग्राहक मुख्य रूप से स्थानीय होटल और रेस्तरां हैं। वे इन ऑर्गेनिक माइक्रोग्रीन्स को सलाद, सैंडविच और अन्य व्यंजनों में इस्तेमाल करते हैं।
- **कम लागत में अच्छा मुनाफा-** विद्याधरन की सफलता दिखाती है कि माइक्रोग्रीन्स की खेती एक लाभदायक शहरी कृषि व्यवसाय हो सकता है। यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है जो कम जगह और कम निवेश में टिकाऊ और ऑर्गेनिक खेती करना चाहते हैं। माइक्रोग्रीन्स की खेती कम लागत में अच्छा मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। उन्होंने 1 लाख रुपये से कम में 300 वर्ग फीट का सेटअप बनाया है। इससे उन्हें 60,000 रुपये से ज्यादा का मुनाफा होता है।

# भंडारण सीमा का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नहीं मिलेगा योजनाओं का फायदा**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार मासिक भंडारण सीमा से जुड़े आदेशों का उल्लंघन करने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जमाखोरी रोकने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सफेद/रिफाइंड चीनी के लिए मासिक भंडारण सीमा निर्धारित की है। अप्रैल के लिए यह 23.5 लाख टन है।

मंत्रालय ने शुक्रवार को मिलों को जारी निर्देश में कहा, कुछ समूह और व्यक्तिगत चीनी मिलें पूर्व में दी गई चेतावनियों के बावजूद बार-बार भंडारण नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। इस कारण नए और सख्त निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे। नए निर्देशों के तहत, चीनी सत्र में कई बार उल्लंघन करने पर मिलों को अतिरिक्त चीनी जारी करने और सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। डीएफपीडी और डीएसवीओ की योजना का भी लाभ नहीं मिलेगा।

**कार्रवाई = भविष्य में चीनी आवंटन पर लग सकता है प्रतिबंध-** नियमों के पहली बार उल्लंघन करने पर बेची गई अतिरिक्त चीनी का 100 फीसदी अगले माह जारी होने वाली खेप से दंड स्वरूप काट लिया जाएगा। दूसरी बार उल्लंघन करने पर 115 फीसदी, तीसरे बार में 130 फीसदी और चौथी बार में 150 फीसदी की कटौती की जाएगी। बिना सूचना के कुल भंडार के 90 फीसदी से कम चीनी भेजने वाली मिलों को भविष्य में आवंटन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। एथेनॉल खरीद आवंटन में भी कटौती की जा सकती है।

# केएल राहुल एसआरएच मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में फिर से शामिल हुए

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल रविवार को आईपीएल 2025 सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले मैच से पहले शनिवार को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हो गए। राहुल पिछले हफ्ते लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ डीसी के सीजन के पहले मैच में अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। अथिया ने 24 मार्च को एक बच्ची को जन्म दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने एक्स पर जाकर राहुल के आगमन का वीडियो शेयर किया और लिखा, आप प्यारे हैं। आप हमारे हैं। आप घर पर हैं। दिल्ली में आपका स्वागत है, केएलआर।

एक अन्य पोस्ट में, फ्रेंचाइजी ने डीसी की ट्रेनिंग जर्सी में राहुल की एक तस्वीर शेयर की और पोस्ट को कैप्शन दिया, खेल शुरू होने दें। राहुल के रविवार को विशाखापत्तनम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली के लिए पदार्पण करने की उम्मीद है, पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा था। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने राहुल की पूर्व फ्रेंचाइजी लखनऊ पर एक विकेट से रोमांचक जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों में नाबाद 66 रनों की पारी खेली और पांच छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से लखनऊ से जीत छीन ली। मैच के बाद दिल्ली के खिलाड़ियों ने मदर्स



लैप बेबी स्विंग एक्शन करके राहुल को नए पिता बनने पर बधाई दी।

दिल्ली में अपने कदम के बारे में राहुल ने कहा कि पिछले साल की नीलामी के बाद यह उनके लिए रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों था।

राहुल ने कहा, मेरे लिए यह एक नया अनुभव है - अपनी चौथी या पांचवीं आईपीएल फ्रेंचाइज से जुड़ना। यह रोमांचक और नर्वस करने वाला दोनों है। हर नई टीम अनिश्चितता लेकर आती है - खिलाड़ी कैसे तालमेल बिठाएंगे, प्रबंधन कैसे काम करेगा और प्रशंसक कैसे प्रतिक्रिया देंगे। लेकिन हमारी टीम और प्रबंधन ने जिस तरह से इस टीम को बनाया है, उसे देखते हुए लगता है कि हमने सभी क्षेत्रों को कवर कर लिया है। उन्होंने कहा, इसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। मैं कुछ अविश्वसनीय रूप से कुशल युवाओं के साथ खेलने और उनसे सीखने के लिए उत्सुक हूं। मिशेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों के साथ - जिनमें से कई के साथ मैं पहले भी खेल चुका हूं - हमारी टीम एक मजबूत टीम है। मैं आईपीएल शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता।

132 आईपीएल मैचों में राहुल ने 45.47 की औसत से 4,683 रन बनाए हैं। उन्होंने 2013 में पदार्पण करने के बाद से अब तक टूर्नामेंट में चार शतक और 37 अर्द्धशतक भी लगाए हैं।



## न्यूज़ीलैंड ने पहला वनडे 73 रन से जीता: पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पहले वनडे में 73 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 3 मैचों वाली वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को न्यूजीलैंड के नापियर में खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी। कीवी टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए। 345 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम 44.1 ओवर में 271 रनों पर सिमट गई।मार्क चापमैन ने खेली शतकीय पारी मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चापमैन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 132 रन बनाएं। इसमें 13 चौके और 6 छक्के शामिल है। वे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने भी 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। पाकिस्तान के इरफान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके।हीं के अब्बास ने लगाया सबसे तेज डेब्यू अर्धशतक पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी मोहम्मद अब्बास ने 24 गेंदों पर वनडे इतिहास में डेब्यू करते हुए सबसे तेज 50 रन बनाए। उन्होंने 52 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 3 छक्के लगाएं। अब्बास से पहले यह रिकॉर्ड भारत के ईशान किशन के नाम पर था। उन्होंने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन बनाए थे। पाकिस्तान से बाबर-सलमान की फिफ्टी टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान के बाबर आजम ने 93.97 के स्ट्राइक रेट से 83 गेंदों पर 78 रन बनाएं। वहीं सलमान आगा ने 48 गेंदों पर 58 रन बनाएं। न्यूजीलैंड के नाथन स्मित ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।सीरीज का दूसरा मैच 2 अप्रैल को होगा सीरीज का दूसरा मुकाबला 2 अप्रैल को न्यूजीलैंड के हैमिल्टन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय अनुसार सुबह 3:30 से शुरू होगा। वहीं सीरीज का तीसरा और आखरी मैच 5 अप्रैल को खेला जाएगा।

## मनीषा ने एशियन चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल, अंतिम को मिला ब्रॉन्ज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय पहलवान मनीषा भानवाला ने एशियन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को 2021 के बाद पहला गोल्ड मेडल दिलाया। शुक्रवार को 62 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उन्होंने कड़े मुकाबले में कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से मात देकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत कजाखस्तान की टाइनिस डुबेक पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर आसान जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने कोरिया की हनबिट ली को चित कर दमदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां भी उन्होंने अपने आक्रामक खेल को जारी रखते हुए कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गौरतलब है कि भारत ने पिछली बार 2021 में अलमाटी में विनेश फोगाट और सरिता मोर के जरिए गोल्ड मेडल जीता था। इस बार 20 साल के अंतिम पंघाल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जो अपने करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल रही थीं। 53 किग्रा भार वर्ग में उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग को हराकर उम्मीदें बढ़ा दीं, लेकिन सेमीफाइनल में जापान की मो कियूका के सामने टिक नहीं सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं। हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए ताइपे की मेंग एच सियेह को हराकर मेडल अपने नाम किया।

आरसीबी से हारने के बाद कोच फ्लेमिंग की सफाई, कहा-

# हमें कमतर नहीं आंके, टीम में है दम

**चेन्नई , एजेंसी।** फ्लेमिंग ने कहा, वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इन आलोचनाओं को खारिज किया कि उनकी टीम की शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए । उन्होंने कहा कि चेन्नई टीम में काफी आक्रामकता है और कोई उन्हें कमतर आंकने की गलती नहीं करे। यह पूछने पर कि क्या उनकी शैली के क्रिकेट के दिन अब लद गए , न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, इसके क्या मायने हैं, मेरी शैली का क्रिकेट क्या है। पहला मैच जीतना, यही सही तरीका है। हमारे भीतर काफी आक्रामकता है। मैं यह प्रश्न समझा नहीं। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि हम पहली ही गेंद से पीटना शुरू नहीं करते। हम आखिर में देखेंगे। हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते हैं और कोई हमें कमतर नहीं आंक सकता। यह बेवकूफाना सवाल है। फ्लेमिंग ने हालांकि स्वीकार किया कि शुक्रवार के मैच में उनकी टीम की फील्डिंग बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, हमने दो तीन मौके गंवाए। हमने उन्हें दबाव बनाने का मौका दिया। 175 का स्कोर सही होता लेकिन हमने क्षेत्ररक्षण में गलतियां की। जोश हेजलवुड ने आरसीबी के लिये शानदार गेंदबाजी की। महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास में चेन्नई के लिये सर्वाधिक रन बनाने का सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा। फ्लेमिंग ने कहा, वह पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहा है और ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काफी मेहनत की है। वह हालांकि जब बल्लेबाजी के लिये आये तब जीत हासिल करना काफी कठिन हो गया था।



### आरसीबी ने सीएसके को हराया

कप्तान रजत पाटीदार के अर्धशतक और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक पर हराया। आरसीबी ने 50 रन से जीत दर्ज की। आरसीबी के सात विकेट पर 196 रन के जवाब में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। आरसीबी की 2008 में आईपीएल के पहले सत्र के बाद चेपॉक पर चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत रही।

## सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने महेंद्र सिंह धोनी, रैना को पछाड़ा

**चेन्नई, एजेंसी।** दिग्गज क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी वीरवार को आईपीएल इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया जब वह सुरेश रैना को पछाड़कर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अब धोनी के नाम आईपीएल में 4,699 रन हो गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना (4,687 रन) को पीछे छोड़ा है। अपने संयम और फिनिशिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले पूर्व सीएसके कप्तान ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में प्रशंसकों को खुश करते हुए अपने खास अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की।

रैना जोकि धोनी को ही अपना गुरु मानते हैं, चेन्नई के लिए कई साल तक इस लिस्ट में नंबर एक पर रहे। बहरहाल, धोनी के इस मुकाम पर पहुंचते ही चेन्नई के प्रशंसक जश्न मनाने लगे। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हुई। धोनी वैसे भी कप्तान से हटने के बावजूद अपने बल्ले और और स्टंप के पीछे काबिलियत से चर्चा में रहते हैं। वह आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक स्टंपिंग (43) का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुके हैं। बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने फिल सॉल्ट को जिस तरह से आऊट किया, उसने दिखा दिया कि अभी भी उनका मुकाबला नहीं है।





## ब्राजील फुटबॉल टीम को विश्व कप क्वालिफायर में मिली शर्मनाक हार, मुख्य कोच पर गिरी गाज, पद से हटाए गए

**साओ पोलो, एजेंसी।** शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया है। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4-1 से हराया जो विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया।

उन्होंने मीडिया से कहा, परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं। ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था। टीम का फॉर्म पिछले कुछ समय से कुछ खास नहीं रहा है। 2022 विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। तब ब्राजील को क्रोएशिया ने अंतिम-8 के मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उससे पहले 2021 कोपा अमेरिका फाइनल में ब्राजील की टीम अर्जेंटीना के हाथों 1-0 से हार गई थी। ब्राजील ने पिछली बार कोई मेजर खिताब 2019 में जीता था, जब उसने कोपा अमेरिका अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में पेरू को 3-1 से शिकस्त दी थी। वहीं, 2018 फीफा विश्व कप में ब्राजील की टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई थी। अंतिम आठ के मुकाबले में बेल्जियम ने ब्राजील को 2-1 से हराया था। 2014 में ब्राजील में ही फीफा विश्व कप खेला गया था। तब टूर्नामेंट में ब्राजील की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। हालांकि, अंतिम चार के मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से करारी शिकस्त दी थी। ब्राजील ने 2002 के बाद से कभी फीफा विश्व कप का खिताब नहीं जीता है।

# टीम इंडिया के फ्यूचर को लेकर टली बैठक, रोहित शर्मा बोले- सम्मान के हकदार हैं ये खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को 2024 टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि भारतीय टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार-चढ़ाव को झेला है, लेकिन इसने सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया। मुंबई इंडियंस की ओर से एक्स पर पोस्ट वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीम का हर सदस्य सम्मान का हकदार है। समाचार एजेंसी के अनुसार रोहित शर्मा का यह वीडियो ऐसे दिन आया जब बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों को टीम के भविष्य का रोडमैप तय करने के लिए बैठक करनी थी। किसी कारणवश यह बैठक स्थगित कर दी गई। भारत ने पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंट में 24 मैचों में से केवल एक में हार का सामना किया है। वह अहमदाबाद में 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हारा था। भारतीय टीम ने पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप और फरवरी मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीता। इस दौरान भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज हार का समाना करना पड़ा। इसके कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह नहीं बना पाई।

### तीन आईसीसी टूर्नामेंट में अपराजित रहना गजब होता

भारतीय कप्तान के तौर पर अपने बेहतरीन कार्यकाल पर विचार करते हुए रोहित ने कहा, देखिए इस टीम ने इन तीन बड़े टूर्नामेंट में क्या हासिल किया है। टूर्नामेंट में किस तरह खेला है और केवल एक बार हारने झेली है और वह भी फाइनल (2023 वनडे विश्व कप) में। लेकिन कल्पना कीजिए कि अगर हम वह भी जीत जाते तो तीन आईसीसी टूर्नामेंट में अपराजित रहना गजब होता। कभी नहीं सुना लेकिन मैं यह मानूंगा 24 खेलों में 23 जीत अनसुनी है। यह बाहर से बहुत अच्छा लगता है, लेकिन टीम बहुत सारे उतार-चढ़ाव से गुजरी है।

# फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने गिराए 11 विकेट, टीम ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ ऑस्ट्रेलिया की टीम ने शेफील्ड शील्ड का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. उसने इस टूर्नामेंट के फाइनल में क्वींसलैंड को हराकर 29 साल बाद खिताब पर कब्जा किया. टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है. 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और साउथ ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी हैं.मुकाबले में क्वींसलैंड ने पहले बल्लेबाजी की. लेकिन, साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट के टूटे कहर के आगे उसकी पहली पारी सिर्फ 95 रन पर सिमट गई. ब्रेंडन डॉगेट ने पहली पारी में 6 विकेट चटकाए. उन्होंने ये विकेट 11.2 ओवर में 31 रन देते हुए लिए.



क्वींसलैंड को 95 रन पर समेटने के बाद साउथ ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 271 रन बनाए, जिसमें जेक लेहमन के शतक का बड़ा योगदान रहा. लेहमन ने मिडिल ऑर्डर में 152 गेंदों का सामना करते हुए 102 रन बनाए. साउथ ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 176 रन की बढ़त मिली.

क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में हालांकि पहली इनिंग की तरह गलती नहीं की. इस बार उसने बड़ा स्कोर बनाया. जैक ग्लेटॉन और जैक विल्डरमुथ की शतक की बदौलत क्ववींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाए. जैक ग्लेटॉन ने 249 गेंदों का सामना करते हुए 100 रन बनाए. वहीं विल्डरमुथ ने 140 गेंदों में 111 रन की पारी खेली.

ब्रेंडन डॉगेट ने फाइनल मैच में लिए 11 विकेट

क्ववींसलैंड की दूसरी पारी के दौरान भी साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट अपना असर छोड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने इस बार भी 5 विकेट लिए. इस तरह फाइनल मैच की दोनों पारियों को मिलाकर ब्रेंडन डॉगेट ने कुल 11 विकेट अपने नाम किए.

### 29 साल बाद जीता शेफील्ड शील्ड

अब साउथ ऑस्ट्रेलिया को 176 रन की बढ़त तो पहली पारी में हासिल ही थी. ऐसे में उसके सामने 270 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया. और 4 विकेट की जीत के साथ 29 साल बाद अपने पहले शेफील्ड शील्ड खिताब पर कब्जा किया. साउथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में जेसन सांघा ने 126 रन जबकि एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली.



# ग्राउंड जीरो में बीएसएफ कमांडर बनेंगे इमरान हाशमी

**बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान रखने वाले मशहूर एक्टर इमरान हाशमी अपनी आने वाली फिल्म में एक बीएसएफ कमांडर का किरदार निभाएंगे। फिल्म का नाम ग्राउड जीरो है। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने जब से फिल्म ग्राउंड जीरो का एलान किया है तब से ही फिल्म ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह फिल्म देश के लिए बलिदान और राष्ट्र की रक्षा करने वालों पर आधारित होगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट ने अब फिल्म का पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं।**

## कब रिलीज होगी ग्राउंड जीरो?

एक्सेल इंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह पोस्टर ग्राउंट जीरो का है। इसमें इमरान हाशमी को पीछे की तरफ से दिखाया गया है। इमरान हाश्मी ने टी-शर्ट पहनी हुई है और हाथ में बंदूक ले रखी है। पोस्टर में इमरान हाशमी काफी जोशीले नजर आ रहे हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है एक मिशन की अनकही कहानी जिसने कश्मीर को हमेशा के लिए बदल दिया। इसमें आगे लिखा है कि ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## ग्राउंड जीरो की कहानी

ग्राउंड जीरो के नए पोस्टर में लिखा है तुझे लाई यहां तेरी मौत फौज, कश्मीर का बदला लेगा गाजी। ग्राउंट जीरो फिल्म में इमरान हाशमी बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे की भूमिका में होंगे। फिल्म की कहानी के मुताबिक वह दो साल तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे की जांच करेंगे। ग्राउंड जीरो में मनोरंजक कहानी के साथ एक्शन भी है। फिल्म में इमरान हाश्मी के अलावा साई तमहांकर और मुकेश तिवारी भी हैं।

## इमरान हाशमी ने लोगों के साथ मनाया था जन्मदिन

आपको बता दें कि इमरान हाशमी ने 24 मार्च को अपने फैंस और पैपराजी के साथ अपना जन्मदिन मनाया था। उन्होंने इसी दिन अपनी फिल्म आवारापन के दूसरे पार्ट आवारापन 2 का एलान किया था। इमरान हाश्मी ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर एक वीडियो शेयर करते हुए ये भी बताया था कि ये फिल्म तीन अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# जैसा काम करना चाहती हूं, वैसा मिलता नहीं, पर लोग मुझे भूले नहीं हैं

अपनी पहली ही फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी में गीता राव के किरदार से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह स्क्रीन पर काफी कम नजर आती हैं। चित्रांगदा इसकी वजह मनमाफिक फिल्में ना मिलना बताती हैं। इन दिनों वह अपनी डेब्यू वेब सीरीज खाकी – द बंगाल चैप्टर को लेकर चर्चा में हैं।

**आपके चाहने वालों को शिकायत है कि आप काफी कम काम करती हैं। ऐसा क्यों?**

हां, मेरा काम थोड़ा काम है। मैं ये मानती हूं कि अभी तक का मेरा बॉडी ऑफ वर्क इतना ज्यादा नहीं है, लेकिन फिर भी दर्शकों ने मुझे याद रखा है। वे अभी तक मुझे भूले नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि मैं काम करना नहीं चाहती हूं या ऐसा सोचकर चलती हूं कि कम काम करना है, मगर अच्छा काम या जो काम मैं करना चाहती हूं, वो मिलता नहीं है और जो नहीं करना चाहती हूं, वैसा ही काम आता है। वो होता है ना कि जो आप नहीं करना चाहते, वही ज्यादा आता है। लेकिन अभी मेरी दो और फिल्में (हाउसफुल 5 और रात अकेली है 2) आएंगी तो प्लीज उन फिल्मों को देखिए और मुझे सपोर्ट कीजिए,क्योंकि थोड़ा अभी काम आ रहा है तो अब आप मुझे ज्यादा देखेंगे। शुरुआत खाकी- द बंगाल चैप्टर से हुई है, जो मेरी डेब्यू सीरीज है।

**आपने फिल्म सूरमा से फिल्म निर्माण में भी कदम रखा था। उस ओर आगे क्या कर रही हैं? खुद के लिए कोई फिल्म नहीं बना रहीं?**

सूरमा के बाद हम अभी एक और बायॉपिक पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, एक वेब सीरीज भी प्रड्यूस कर रही हूं, जो मैंने लिखी भी है तो उसे लेकर भी मैं बहुत एक्साइटेड हूं। इनमें से एक प्रोजेक्ट में मैं हूं, जबकि दूसरे में मैं फिट नहीं होती हूं।

**सीरीज में आप बदलाव के लिए लड़ने वाली लीडर के किरदार में हैं, जिसने हजारों ख्वाहिशें ऐसी की गीता राव की याद ताजा करा दी। शो करते हुए आपको भी ऐसा महसूस हुआ?**

बिल्कुल, मुझे सच में लगता है कि गीता राव अगर आज होती तो वहीं होती, जहां पर इस सीरीज का मेरा किरदार निवेदिता है। वह भी कॉलेज के दिनों में राजनीतिक चीजों में इन्वॉल्व थी। एक आदर्शवादी समाज के सपने के लिए सवाल खड़े करना, प्रोटेस्ट करना और बेहतर कल के लिए लड़ना, ये चीजों दोनों में हैं। फिर जो लुक था, कॉटन साड़ी और जब मैंने अपने बाल बांधे तो मुझे लगा कि ओह गॉड, अभी लगभग बीस साल हो गए हैं, मगर दोनों में कितनी समानता है, तो निश्चित तौर पर इसमें मुझे गीता राव की झलक दिखी।

**पॉलिटिकल किरदारों में आप हमेशा जंची हैं। किसी रियल लाइफ नेता की बायॉपिक करना चाहेंगी?**

रियल लाइफ नेता तो नहीं, मगर सुचित्रा सेन की जो फिल्म है आंधी, अगर उसका रीमेक हो, तो वो जरूर करना चाहूंगी। उन्होंने इतनी खूबसूरती से वो किरदार निभाया है, वो इतनी कमाल की ऐक्ट्रेस हैं और यह सिर्फ राजनीतिक किरदार निभाने की बात नहीं है, उसकी निजी जिंदगी में भी जो चीजें होती हैं, मतलब वो मर्दों की दुनिया में एक औरत की जंग वाली बात है। ऐसा अगर कुछ किरदार हो तो जरूर करना चाहूंगी।

**खाकी की बात करें, तो आपका पसंदीदा ऑनस्क्रीन खाकी वाला किरदार कौन सा है?**

दबंग चुलबुल पांडे, वह बहुत ही एंटरटेनिंग पुलिसवाले हैं। मैं दिल्ली से हूं। मैंने मेरठ में वक्त बिताया है, पढ़ाई-लिखाई की है, तो यूपी का जो करेक्ट फ्लेवर उन्होंने पकड़ा था, वो बहुत कमाल था।

**सीरीज में आपका किरदार निवेदिता एक मजबूत महिला है, मगर एक मौके पर वह कमजोर भी पड़ती है। आपकी जिंदगी का सबसे मजबूत और कमजोर पल कौन सा रहा?**

कमजोर पल वही होता है, जो परिवार से जुड़ा होता है। फैमिली को लेकर आप बहुत भावुक होते हैं, तो जब उसमें कुछ गलत होता है तो बहुत गहरा असर पड़ता है और वह असर बहुत समय तक रहता है। वह आपको तोड़ देता है। वहीं, मजबूत पल वही रहा, जब उस चीज से बाहर निकलकर आई। वो जरूरी भी है क्योंकि जब भी आप टूटते हैं, तो उस दौर से और ज्यादा मजबूत होकर उभरते हैं।



# साउथ में क्यों नहीं चल पाती बॉलीवुड की फिल्में? सलमान ने बताई ये वजह

सलमान खान अपनी फिल्म 'सिकंदर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेता ने मीडिया से बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों पर खुलकर बात की। इस बातचीत में सलमान ने साउथ के कलाकारों के बॉलीवुड में प्रदर्शन और बॉलीवुड की फिल्मों के साउथ में प्रदर्शन पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में बॉलीवुड फिल्मों की चुनौतियों और बजट पर भी बात की।

## बॉलीवुड की फिल्मों को दक्षिण में करना पड़ता है संघर्ष

अभिनेता से जब साउथ मार्केट में बॉलीवुड फिल्मों के प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी फिल्मों को वहां लोकप्रियता के मामले में कठिन संघर्ष का सामना करना पड़ता है। सलमान ने कहा, दक्षिण में फैंस की संख्या मजबूत है। हालांकि, मुझे प्रशंसकों से अपार प्यार मिलता है, लेकिन जब मेरी फिल्में वहां रिलीज होती हैं तो यह हमेशा बॉक्स-ऑफिस पर सफलता में तब्दील नहीं होती है।

## बॉलीवुड फिल्में साउथ में क्यों नहीं कर पाती अच्छा प्रदर्शन?

सलमान खान ने बॉलीवुड में दक्षिण भारतीय फिल्मों के और बॉलीवुड फिल्मों के दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री में प्रदर्शन के बीच अंतर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, रजनीकांत, चिरंजीवी, सूर्या और अन्य दक्षिण भारतीय सितारों को बॉलीवुड में बहुत ज्यादा फैंस मिले हैं और हम उनकी फिल्में देखने जाते हैं, लेकिन हमेशा उल्टा नहीं होता है। सलमान ने कहा कि जितना प्यार दक्षिण भारतीय फिल्मों को हिंदी पट्टी में मिलता है उसकी तुलना में बॉलीवुड की फिल्मों को नहीं मिलता और बॉक्स ऑफिस नंबर हासिल करने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है।

## बड़ी बजट की फिल्मों की आलोचना की

सलमान ने पैन इंडिया फिल्मों की बढ़ती प्रमुखता और इन फिल्मों के बजट पर भी बात की। उन्होंने कहानी और बजट को महत्वपूर्ण बताया। सलमान ने कहा, पुष्पा और उसके जैसी फिल्में दिखाती हैं कि कैसे एक क्षेत्र का सिनेमा पूरे भारत में लोकप्रिय हो सकता है। इस तरह के पैमाने पर फिल्में बनाने के लिए पर्याप्त बजट और एक ऐसी स्क्रिप्ट की जरूरत होती है जो सभी को पसंद आए। इस दौरान सलमान खान ने अपने ज्यादा बजट की फिल्मों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, हम अपने बजट के साथ पूरी तरह से गलत हो रहे हैं। एक बार जब हम इसे नियंत्रित कर लेंगे, तो सब ठीक हो जाएगा।

## नेपोटिज्म पर बोले?


इस बातचीत के दौरान सलमान खान ने बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि सेल्फ मेड जैसी कोई चीज नहीं होती। अभिनेता ने कहा, नेपोटिज्म हमेशा से इंडस्ट्री में रहा है। लोग नेपोटिज्म की आलोचना करते हैं, लेकिन अगर आप गौर करें तो पाएंगे कि हर किसी के किसी न किसी रूप में कनेक्शन होते हैं। इन मुद्दों के अलावा भी सलमान खान ने अपने निजी जीवन और अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

# द भूतनी में नफ़रत और प्यार दोनों से रुबरु कराएंगी मौनी रॉय



मौनी रॉय इस अप्रैल आपको डराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं! उनकी अगली बड़ी फिल्म द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज़ होगी, जो उनकी सबसे बहुप्रतीक्षित फ़िल्मों में से एक है। हॉरर-कॉमेडी में मौनी ने संजय दत्त, सनी सिंह, पलक तिवारी और आसिफ खान जैसे नामों सहित बहुत ही प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। इसके अलावा, यह फिल्म डिजिटल क्रिएटर बेयूनिक की बॉलीवुड में डेब्यू भी करेगी। फ़िल्म के निर्माताओं ने महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फ़िल्म के टाइटल का अनावरण किया था, जिसके साथ एक छोटा सा टीज़र भी जारी किया गया था, जो काफी डरावनी थी! और अब, निर्माताओं ने फ़िल्म से मौनी का लुक भी जारी कर दिया है। उनके पहले लुक के पोस्टर में वह हरे रंग की पोशाक में नज़र आ रही हैं, जिसमें और भी अधिक आकर्षक हरी आँखें हैं। उनके किरदार का नाम मोहब्बत है, लेकिन पोस्टर के साथ लिखा गया टैगलाइन—प्यार या प्रलय आपको सिहरन पैदा कर देगी। मौनी का लुक आपको उनकी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर देगा, लेकिन साथ ही उनके किरदार से डर भी लगेगा। मौनी को फिल्म द भूतनी के लिए तब से ही काफी सराहना मिल रही है जब से फिल्म का पहला लुक जारी हुआ है। उन्हें अलग-अलग तरह के किरदार निभाने और जोखिम उठाने के लिए नेटिज़न्स द्वारा भी सराहा जा रहा है। द भूतनी की रिलीज़ के बाद, अभिनेत्री अगली बार खुदा हाफ़िज़ के निर्देशक फ़ारूक कबीर के साथ सलाकार में नज़र आएंगी। फिल्म में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी गुप्त रखी जा रही है। ऐसा लगता है कि हमें मौनी द्वारा खुद इसकी घोषणा करने का इंतज़ार करना होगा।

# साउथ सिनेमा से इंप्रेस सनी देओल, ये बॉलीवुड एक्टर भी कर चुके हैं दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय



**अभिनेता सनी देओल की फिल्म 'जाट' जल्द रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी है। वह दक्षिण भारतीय फिल्ममेकर हैं। निर्देशक के साथ फिल्म में काम करके सनी देओल काफी प्रभावित हैं। सनी देओल ने तो दक्षिण भारत में जाकर बसने का मन भी बनाया है। वह दक्षिण भारतीय निर्देशकों के साथ आगे भी काम करने की इच्छा जता चुके हैं।**

सनी देओल ही नहीं कई और बॉलीवुड कलाकार साउथ फिल्म इंडस्ट्री का रूख कर चुके हैं। जानिए, ऐसे ही कुछ बॉलीवुड एक्टर्स के बारे में जिन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्मों में दमदार किरदार निभाए हैं।

## बॉबी देओल



सनी देओल के भाई बॉबी देओल ने साल 2024 में दक्षिण भारतीय फिल्म 'कंगुवा' में विलेन की भूमिका निभाई थी। फिल्म में मुख्य भूमिका में सूर्या नजर आए थे। फिल्म की कहानी में बॉबी और सूर्या ने योद्धाओं की भूमिका की। इस फिल्म के निर्देशक शिवा थे। इसी के साथ बॉबी कोली निर्देशित दक्षिण भारतीय फिल्म 'डाकू महाराज(2025)' में भी बॉबी देओल नजर आए थे।



## सोनू सूद

अभिनेता सोनू सूद ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया है। लेकिन उनकी सबसे चर्चित फिल्म 'अरुंधति (2009)' थी। फिल्म में अनुष्का शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आई। इस फिल्म में सोन सूद ने विलेन की भूमिका निभाई। वह एक प्रेत की भूमिका में थे। इस फिल्म के निर्देशक कोडी रामकृष्ण हैं।

## विवेक ओबेरॉय



जब विवेक ओबेरॉय का करियर बॉलीवुड में ठीक नहीं चल रहा था तो उन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करना शुरू किया। विवेक ने कई साउथ की फिल्मों में नेगेटिव रोल किए। इन फिल्मों में 'विवेगम', 'लूसिफेर' और 'रुस्तम' जैसी फिल्में शामिल हैं। शिवा निर्देशित फिल्म 'विवेगम(2017)' में विवेक ने विलेन का रोल किया। इसमें मुख्य भूमिका में दक्षिण भारतीय अभिनेता अजीत नजर आए। इस फिल्म से विवेक दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों के बीच काफी मशहूर हो गए।

## संजय दत्त

संजय दत्त ने साल 2023 में एक तमिल फिल्म 'लीयो' की थी। इसमें विजय हीरो के रोल में दिखे। फिल्म को लोकेश कनगराज ने निर्देशित किया। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में संजय दत्त को काफी पसंद किया गया। वह अपने अभिनय से दक्षिण भारतीय दर्शकों को प्रभावित करने में सफल हुए।

